खबर संक्षेप

15 हजार रूपये कीमती गांजा सहित मोटर साइकिल किया जब्त

कटनी। बहोरीबंद पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर मोटर साइकिल सवार दो आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके पास से गांजा जब्त किया है। पुलिस के अनुसार 23 अक्टूबर की रात लगभग 09:35 बजे बहोरीबंद पुलिस को सूचना मिली कि दो युवक मोटरसाइकिल से गांजा लेकर बिक्री करने की फिराक में जा रहे हैं। सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने भटगंवा रोड स्थित ग्राम कुआ की पुलिया के पास घेराबंदी की और संदिग्धों को रोककर तलाशी ली। तलाशी के दौरान आरोपियों के कब्जे से कुल 1 किलो 264 ग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा (अनुमानित कीमत लगभग 15,000) बरामद हुआ। इसके अलावा तस्करी में इस्तेमाल की जा रही एक पल्सर मोटरसाइकिल भी मौके से जब्त किया है। पकड़े गए आरोपियों की पहचान नीलमन उर्फ मन्नू केवट 33 साल निवासी ग्राम खाड़ा, थाना अनूपपुर, जिला अनूपपुर तथा सुशील उर्फ भूरा 52 साल, निवासी बंधा हरदुआ, थाना सिहोरा, जिला जबलपुर के रूप में हुई है। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ धारा 8, 20 एनडीपीएस एक्ट के अंतर्गत मामला दर्ज किया है।

अपरिहार्य कारणों से बैठक हुई स्थगित

कटनी। खजुराहो सांसद विष्णु दत्त शर्मा की अध्यक्षता में शनिवार, 24 अक्टूबर को सायं 5 बजे जिला पंचायत सभाकक्ष में आयोजित होने वाली जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक अपरिहार्य कारणों से स्थगित कर दी गई है। बैठक में कानून व्यवस्था, रेलवे अंतर्गत जनहित निर्माण कार्यों, एनएचएआई अंतर्गत निर्माण कार्यों, स्वच्छ भारत मिशन (शहरी), अमृत योजना, प्रधान मंत्री आवास - शहरी और ग्रामीण, विकसित भारत जी राम जी योजना, जल जीवन मिशन के कार्यों, स्वास्थ्य विभाग- मातृ एवं बाल स्वास्थ्य एवं टीबी मुक्त भारत अभियान, रेडक्रॉस समिति के आय व्यय, शिक्षा विभाग, लोक निर्माण विभाग - सेतु व सड़क के निर्माण, कृषि विभाग- धान उपार्जन की तैयारी व रबी हेतु उर्वरक की उपलब्धता की समीक्षा सहित पंचायत अंतर्गत खेल मैदानों पर चर्चा की जानी थी। बैठक की आगामी तिथि की सूचना पृथक से दी जाएगी।

कलेक्टर ने ग्राम सिजहनी में तालाब का किया निरीक्षण



कटनी। मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान के तहत कलेक्टर आशीष तिवारी ने ग्राम सिजहनी पहुंचकर 6.5 लाख रुपये की लागत से निर्मित तालाब का निरीक्षण किया। उन्होंने तालाब परिसर का जायजा लेते हुए यहां पर्याप्त साफ-सफाई बनाए रखने तथा जलस्रोत के बेहतर रखरखाव के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। इस दौरान एसडीएम विजयराघवगढ़ प्रमोद चतुर्वेदी, ग्राम पंचायत सरपंच खुशलाल विश्वकर्मा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान ग्राम सिजहनी के सरपंच श्री खुशलाल विश्वकर्मा ने कलेक्टर श्री तिवारी को बताया कि तालाब का निर्माण 6.5 लाख रुपये की लागत से कराया गया है। इसके अंतर्गत जल गंगा संवर्धन के साथ तालाब में घाटों का निर्माण भी किया गया है। इन सुविधाओं का ग्रामीणों द्वारा समुचित उपयोग किया जा रहा है तथा तालाब गांव के लोगों के लिए उपयोगी साबित हो रहा है। कलेक्टर श्री तिवारी ने निर्देशित किया कि जलस्रोत केवल निर्माण तक सीमित न रहे, बल्कि इनके नियमित रखरखाव और स्वच्छता पर भी विशेष ध्यान दिया जाए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को तालाब परिसर में साफ-सफाई की बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

शासकीय प्राथमिक शाला सिजहनी पहुंचकर कलेक्टर ने बच्चों से पूछे सवाल

बच्चों को रट्टू तोता न बनायें, सीखने के लिए प्रेरित करें ताकि तार्किक क्षमता और आत्मविश्वास बढ़े

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी





मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान के तहत कलेक्टर आशीष तिवारी ने ग्राम सिजहनी स्थित शासकीय प्राथमिक शाला पहुंचकर शैक्षणिक व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने बच्चों से संवाद कर उनकी समझ और सीखने के स्तर को परखा। कलेक्टर के सवालों का बच्चों ने पूरे आत्मविश्वास के साथ जवाब दिया।

कलेक्टर ने कक्षा 2 की छात्रा शिवानी चौधरी से 14 और 13 का जोड़ पूछा। शिवानी ने बिना झिझक तुरंत सही उत्तर दे दिया। छात्रा के आत्मविश्वास और तत्परता की सराहना करते हुए कलेक्टर ने अन्य बच्चों को भी बिना डरे सवालों के जवाब देने और अपनी समझ के आधार पर सीखने के लिए प्रेरित किया।

इसी तरह कक्षा 3 की छात्रा खुशी चौधरी से कलेक्टर ने एबीसीडी से संबंधित सवाल पूछे। खुशी ने भी सहजता और आत्मविश्वास के साथ उत्तर दिए। बच्चों की सक्रियता को देखते हुए उन्होंने शिक्षकों को विद्यार्थियों में सीखने के प्रति रुचि विकसित करने और उनका आत्मविश्वास बढ़ाने पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए।

बच्चों में विकसित करें सोचने और समझने की क्षमता

कलेक्टर श्री तिवारी ने प्रभारी प्राचार्य शैलेन्द्र तिवारी को निर्देशित किया कि शिक्षा को केवल पाठ याद कराने तक सीमित न रखें। उन्होंने कहा कि बच्चों को रट्टू तोता नहीं बनाना है, बल्कि उनमें सोचने, समझने और तर्क करने की क्षमता विकसित करनी है। बच्चों में ऐसा आत्मविश्वास पैदा किया जाए कि वे किसी भी प्रश्न को समझकर उसका उत्तर देने में संकोच न करें। शिक्षा का उद्देश्य केवल किताबी ज्ञान देना नहीं, बल्कि बच्चों में जिज्ञासा, तार्किक क्षमता और आत्मविश्वास विकसित करना भी है।

आरोग्य मंदिर का निरीक्षण

कलेक्टर आशीष तिवारी ने ग्राम पंचायत कांटी में भ्रमण के दौरान आयुष्मान आरोग्य मंदिर का भी निरीक्षण किया। उन्होंने स्वास्थ्य सेवाओं की जानकारी लेते हुए विशेष रूप से गर्भवती महिलाओं को उपलब्ध कराई जा रही स्वास्थ्य सुविधाओं की समीक्षा की। उन्होने क्षेत्र की सभी गर्भवती महिलाओं का समय पर एएनसी पंजीयन सुनिश्चित कराया जाए और गर्भवती महिलाओं का संस्थागत प्रसव अस्पताल में ही कराया जाना सुनिश्चित हो। उन्होंने कहा कि संस्थागत प्रसव के दौरान मां और नवजात को आवश्यक स्वास्थ्य सेवाएं समय पर उपलब्ध हो सकेंगी और उनकी बेहतर देखभाल सुनिश्चित की जा सकेगी।



गांधी गंज में जर्जर भवन को कराया गया जमींदोज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

नागरिकों की सुरक्षा से खिलवाड़ रोकने और संभावित हादसों की आशंका समाप्त करने के लिए नगर निगम प्रशासन द्वारा जर्जर एवं भयप्रद भवनों के विरुद्ध कार्रवाई लगातार जारी है। महात्मा गांधी वार्ड स्थित गांधी गंज में श्रीमती सरला जैन के जर्जर भवन को सुरक्षा के दृष्टिगत जमींदोज कराया गया।

निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार ने समय-सीमा बैठक में जनसुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए जर्जर एवं दुर्घटना की आशंका वाले भवनों को नियमानुसार डिस्मेंटल करने के निर्देश दिए हैं। कार्यपालन यंत्री अंशुमान सिंह ने बताया कि संबंधित भवन का पूर्व में सर्वे कराकर उसे क्षतिग्रस्त एवं जर्जर घोषित किया गया था। भवन स्वामी को इसे हटाने के लिए नोटिस भी जारी किया गया, लेकिन निर्धारित समय में कार्रवाई नहीं की गई। क्षेत्रीय नागरिकों की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए अंतिम सूचना पत्र देने के बाद शुक्रवार को निगम अमले ने सुरक्षा मानकों के अनुरूप जेसीबी मशीन की सहायता से भवन को गिराने की कार्रवाई की। कार्रवाई के दौरान आवश्यक सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की गई, ताकि आसपास के नागरिकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो और किसी अप्रिय घटना की आशंका समाप्त की जा सके। निगम प्रशासन ने नगर के जर्जर भवन स्वामियों से अपील की है कि संभावित दुर्घटनाओं को रोकने के लिए ऐसे भवनों की मरम्मत अथवा नियमानुसार डिस्मेंटल करने की जिम्मेदारी निभाएं, ताकि जन-धन की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

कस्तूरबा गांधी विद्यालय और बालिका छात्रावासों की शिक्षिकाएं हुईं शामिल

विषयों का जुड़ाव, जिज्ञासा के माध्यम से सहभागिता बढ़ाने पर किया गया संवाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



छात्राओं की सीखने संबंधी कठिनाइयों को पहचानकर उनकी जरूरतों के अनुरूप उपचारात्मक शिक्षण को प्रभावी बनाने के लिए कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देशानुसार जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डाइट), कटनी में कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय एवं नेताजी सुभाषचंद्र बोस बालिका छात्रावासों में रेमेडियल टीचिंग करने वाली 30 शिक्षिकाओं का एक दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न हुआ।

प्रशिक्षण के दौरान वरिष्ठ व्याख्याता राजेन्द्र असाटी ने प्रशिक्षण के उद्देश्यों एवं अपेक्षाओं पर चर्चा करते हुए सोचने के विविध तरीकों, पाठ योजना निर्माण, रचनात्मकता के माध्यम से आनंदमय शिक्षण, पढ़ने की संस्कृति विकसित करने, विषयों के आपसी जुड़ाव तथा जिज्ञासा के माध्यम से छात्राओं की सहभागिता बढ़ाने जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर संवाद किया। सत्र के अंत में शिक्षिकाओं ने टीचिंग लर्निंग मटेरियल (टीएलएम) का अवलोकन किया और दीवारों पर प्रदर्शित शैक्षणिक चित्रों पर विस्तार से चर्चा की। डाइट प्राचार्य एम.पी. डुंगडुंग ने शिक्षिकाओं को छात्राओं की त्रुटियों का सूक्ष्मता से आकलन कर उनकी सीखने संबंधी कमियों को दूर करने के लिए उपचारात्मक शिक्षण करने का सुझाव दिया। वहीं, जिला परियोजना समन्वयक (डीपीसी) प्रेमनारायण तिवारी ने छात्राओं को नियमित रूप से लेखन अभ्यास कराने के निर्देश दिए।

प्रशिक्षण के बाद सभी संबंधित छात्रावासों में रेमेडियल शिक्षिकाओं के शिक्षण कार्य की फॉलोअप मॉनिटरिंग की जाएगी, ताकि प्रशिक्षण में सीखी गई विधियों का कक्षा शिक्षण में प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित हो सके।

प्रशिक्षण के दौरान डाइट फैकल्टी के कमलेश सोनी, ज्योति श्रीवास्तव, उमाशंकर सैनी, देवेंद्र तिवारी एवं शिवराम तिवारी की उपस्थिति रही। वहीं, गोविंद चौधरी, विक्रम सूर्यवंशी, सतीश पटेल, मंजू शर्मा एवं संतोष जायसवाल ने प्रशिक्षण के संचालन में सहयोग प्रदान किया।

हितग्राहियों को आवास शीघ्र पूर्ण करने किया प्रेरित



जिला पंचायत सीईओ सुश्री हर सिमरनप्रीत कौर के निर्देश पर सेक्टर सुपरवाइजर विभिन्न ग्राम पंचायतों में पहुंचे और योजना के हितग्राहियों से सीधे संवाद किया। इस दौरान सेक्टर सुपरवाइजरों ने हितग्राहियों से उनके आवास निर्माण की वर्तमान स्थिति की जानकारी ली तथा आवास पूर्णता को लेकर चर्चा की। जिन हितग्राहियों के आवास निर्माणाधीन हैं, उनसे निर्माण कार्य में आ रही समस्याओं और शेष कार्यों के संबंध में जानकारी प्राप्त कर आवास को शीघ्र पूर्ण करने के लिए प्रेरित किया गया। प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) का उद्देश्य ग्रामीण परिवारों को पक्का आवास उपलब्ध कराने के साथ उनके जीवन स्तर में सुधार लाना है। इसी उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए मैदानी अमले द्वारा हितग्राहियों से संपर्क कर उन्हें आवास निर्माण पूरा करने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। जिला पंचायत के निर्देशानुसार मैदानी स्तर पर किए जा रहे इन प्रयासों से आवास पूर्णता पर विशेष ध्यान केंद्रित किया जा रहा है, ताकि हितग्राहियों के पक्के घर का सपना जल्द साकार हो सके।

स्वच्छ भारत मिशन और ठोस अपशिष्ट प्रबंधन पर हुआ मंथन, नवाचारों और जनभागीदारी पर जोर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

शहरों को स्वच्छ, व्यवस्थित और कचरा मुक्त बनाने के लिए केवल सफाई कार्य पर्याप्त नहीं, बल्कि वैज्ञानिक अपशिष्ट प्रबंधन, प्रभावी निगरानी और जनभागीदारी भी जरूरी है। इसी उद्देश्य से स्वच्छ भारत मिशन (शहरी) 2.0 के अंतर्गत नगरीय निकायों की क्षमता संवर्धन के लिए गुरुवार को प्रशिक्षण कार्यक्रम कटनी के राधिका होटल में संपन्न हुआ। प्रशिक्षण में स्वच्छता व्यवस्था से जुड़े विभिन्न पहलुओं, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम-2026 के प्रभावी क्रियान्वयन और निकायों में स्वच्छता सेवाओं को अधिक परिणाम मूलक बनाने पर केंद्रित जानकारी दी गई।

इस प्रशिक्षण का उद्देश्य नगरीय निकायों के जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, कर्मचारियों, स्वच्छता अमले और संबंधित प्रतिनिधियों को स्वच्छता प्रबंधन की आधुनिक कार्यप्रणाली से अवगत कराना था। प्रशिक्षण के दौरान स्रोत पर कचरे का पृथक्करण, थोक अपशिष्ट उत्पादकों एवं उनकी जिम्मेदारी, वैज्ञानिक अपशिष्ट प्रसंस्करण, सामुदायिक सहभागिता और जन-जागरूकता जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर मार्गदर्शन दिया गया। साथ ही, स्वच्छता कार्यों में बेहतर समन्वय, निर्धारित नियमों के पालन और मैदानी स्तर पर प्रभावी क्रियान्वयन की आवश्यकता रेखांकित की गई।

कार्यक्रम में स्वच्छता व्यवस्था के व्यावहारिक पक्षों के साथ सफल कार्यप्रणालियों और नवाचारों को अपनाने पर भी जोर दिया गया। प्रशिक्षण का उद्देश्य निकायों के स्वच्छता अमले की कार्यक्षमता बढ़ाने के साथ ऐसी व्यवस्थाएं विकसित करना है, जिससे कचरे का उचित प्रबंधन हो, नागरिकों में स्वच्छता के प्रति जिम्मेदारी बढ़े और नगरीय सेवाओं की गुणवत्ता में निरंतर सुधार आए।

निगमायुक्त तपस्या परिहार ने अपने उद्बोधन में कहा कि स्वच्छता व्यवस्था को प्रभावी बनाने के लिए नियमों का पालन, तकनीकी दक्षता और नागरिकों की सक्रिय भागीदारी बेहद जरूरी है। ठोस अपशिष्ट प्रबंधन की सफलता तभी सुनिश्चित होगी, जब कचरे का पृथक्करण घर से ही शुरू हो और उसके संग्रहण,

तिलक कॉलेज में जन सुरक्षा युवा सृजन संवाद अभियान के तहत कार्यशाला 29 को होगी

विद्यार्थियों को कानून, मौलिक अधिकारों एवं सुरक्षा संबंधित दी जाएगी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



युवाओं में कानूनी जागरूकता बढ़ाने और उन्हें जिम्मेदार नागरिक बनाने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, शासकीय तिलक स्नातकोत्तर महाविद्यालय कटनी में 29 अक्टूबर को जन सुरक्षा युवा सृजन संवाद अभियान के तहत एक दिवसीय कार्यशाला एवं थाना भ्रमण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम की तैयारियों और कार्ययोजना को लेकर शनिवार को पुलिस विभाग एवं उच्च शिक्षा विभाग के संयुक्त तत्वावधान में समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

बैठक का हुआ आयोजन

बैठक में पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमल मौर्य, महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुनील कुमार बाजपेई, डीएसपी हेडक्वार्टर रत्नेश मिश्रा, डीएसपी एजेके एवं सीएसपी अनिमेष द्विवेदी तथा एनकेजे थाना प्रभारी रूपेंद्र राजपूत उपस्थित रहे। महाविद्यालय की ओर से डॉ. आरपी मिश्रा, डॉ. माधुरी गर्ग, डॉ. सरदार दिवाकर, डॉ. रुक्मणी प्रताप सिंह, डॉ. संगीता बसरानी और डॉ. राजकुमार ने सहभागिता की।

बैठक में 29 अक्टूबर को प्रस्तावित कार्यशाला एवं थाना भ्रमण कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन की रूपरेखा तय की गई। कार्यशाला के दौरान विद्यार्थियों को कानून, मौलिक अधिकारों और नागरिक सुरक्षा से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां दी जाएंगी। इसके बाद विद्यार्थियों को थाना भ्रमण कराया जाएगा, जहां वे पुलिस की कार्यप्रणाली, कानून व्यवस्था बनाए रखने की प्रक्रिया और पुलिस की जिम्मेदारियों को करीब से समझ सकेंगे।

जागरूकता है उद्देश्य

अभियान का उद्देश्य युवाओं को कानून के प्रति जागरूक करना, उनके अधिकारों एवं कर्तव्यों की समझ विकसित करना तथा उनमें जिम्मेदार नागरिक भावना को प्रोत्साहित करना है। इस पहल के माध्यम से विद्यार्थियों और पुलिस के बीच संवाद एवं विश्वास को मजबूत करने का प्रयास भी किया जाएगा।

निगमायुक्त ने एसटीपी -2 एवं 3 का निरीक्षण कर दिये निर्देश

लापरवाही स्वीकार नहीं, पीडीएमसी के विरुद्ध प्रस्तावित करें कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



शहर के सीवेज का वैज्ञानिक तरीके से उपचार कर पर्यावरण संरक्षण और उपचारित जल के पुनः उपयोग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से निर्माणाधीन सीवर ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) के कार्यों में तेजी लाने निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार ने शुक्रवार को दुगाड़ी नाला, कटाएघाट स्थित 6 एमएलडी तथा कुठला स्थित 11 एमएलडी क्षमता के प्लांट का निरीक्षण किया। उन्होंने कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए शेष निर्माण कार्य निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। कार्य की निगरानी में लापरवाही पाए जाने पर पीडीएमसी के विरुद्ध कार्रवाई करने के भी निर्देश दिए।

कटाएघाट स्थित 6 एमएलडी क्षमता के एसटीपी के निरीक्षण के दौरान निगमायुक्त को अवगत कराया गया कि प्लांट का सिविल कार्य शत-प्रतिशत तथा इलेक्ट्रिकल कार्य लगभग 90 प्रतिशत पूर्ण हो चुका है। इस पर उन्होंने प्लांट के विभिन्न चरणों का निरीक्षण कर कार्यरत श्रमिकों की संख्या की जानकारी ली। उन्होंने श्रमिकों की संख्या बढ़ाकर केबलिंग सहित शेष कार्यों को तेजी से पूरा करने तथा नवंबर माह तक निर्माण पूरा कर ट्रायल रन प्रारंभ करने के निर्देश दिए।

कार्यवाही के दिये निर्देश

कुठला स्थित 11 एमएलडी क्षमता के निर्माणाधीन एसटीपी के निरीक्षण के दौरान बताया गया कि प्लांट का लगभग 86 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका है। निगमायुक्त ने शेष कार्यों की प्रगति और निर्माण पूर्ण होने की समय-सीमा की जानकारी ली। कार्य में देरी तथा पीडीएमसी द्वारा प्रभावी मॉनिटरिंग नहीं किए जाने पर निगमायुक्त ने गहन नाराजगी व्यक्त करते हुए पीडीएमसी प्रतिनिधि के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई करने के निर्देश कार्यपालन यंत्री सुधीर मिश्रा को दिए।

निगमायुक्त ने निर्माण एजेंसी के प्रतिनिधियों को हिदायत देते हुए कहा कि प्लांट का शेष बचे इलेक्ट्रिकल एवं मैकेनिकल कार्यों में तेजी लाकर दिसंबर माह तक सभी शेष कार्यों को अनिवार्य रूप से पूर्ण किया जाना सुनिश्चित हो।

निरीक्षण के दौरान निगमायुक्त ने आदर्श कॉलोनी से गिरजा घाट मार्ग पर प्रस्तावित इंटरमीडिएट पंपिंग स्टेशन (आईपीएस) के कार्य का भी जायजा लिया। उन्होंने एप्रोच रोड सहित अन्य आवश्यक कार्यों की जानकारी लेते हुए पाइपलाइन के एलाइनमेंट से संबंधित कार्य को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान कार्यपालन यंत्री सुधीर मिश्रा, अंशुमान सिंह, सहायक यंत्री मृदुल श्रीवास्तव, अतिक्रमण प्रभारी मानेंद्र सिंह, निर्माण एजेंसी के प्रतिनिधि करण पटेल, पार्थ पटेल एवं झील पटेल, पीडीएमसी के प्रतिनिधि सौरभ नौगजा सहित अन्य संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

अलग अलग क्षेत्रों में हुई मारपीट

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

माधवनगर थाना क्षेत्र के अंतर्गत विश्रामबाबा में आपसी बात को लेकर विवाद हो गया, जिसमें आरोपियों ने एक युवक के साथ मारपीट की। प्रार्थी तरुण नायक 25 वर्ष ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि 23 अक्टूबर की दोपहर करीब 2:30 बजे जब वह किराना दुकान के सामने थे तभी सागर यादव और अन्य अज्ञात व्यक्तियों ने उनके साथ गंदी-गंदी गालियां देते हुए मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। शिकायत पर पुलिस ने मामले में अपराध पंजीबद्ध कर लिया है।

इसी तरह ढीमरखेड़ा थाना क्षेत्र के ग्राम खम्हरिया में एक व्यक्ति से मारपीट की गई। राजकुमार यादव 27 वर्ष के साथ 23 अक्टूबर की शाम करीब 6:30 बजे गांव के ही कुछ लोगों ने विवाद किया। आरोपियों ने गालियां दीं, मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। इस घटना में विक्रम यादव, पप्पू यादव और विपिन यादव के खिलाफ नामजद शिकायत दर्ज कराई गई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया गया है। आगे की की जा रही है।

हीरापुर में भी हुआ विवाद

वहीं बरही थाना क्षेत्र के हीरापुर गांव में घर के सामने विवाद और मारपीट की घटना सामने आई है। प्रार्थी राधेश्याम कुशवाहा 34 वर्ष के घर के सामने 23 अक्टूबर की सुबह करीब 7:30 बजे विवाद हो गया। आरोप है कि आरोपियों ने घर के सामने आकर गालियां दीं, मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। इस मामले में रामभुवन काछी और रूकमणी काछी को आरोपी बनाया गया है। पुलिस ने अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी गई है।

खबर संक्षेप

मोटर साइकिल चोरी

बड़वारा। थाना क्षेत्र अंतर्गत लखाखेरा से मोटर साइकिल चोरी होने की घटना सामने आई है। शिकायतकर्ता अजय राय पिता दादूराम राय निवासी ग्राम लखाखेरा द्वारा पुलिस को दी गई शिकायत में बताया कि 21,10,2026 को कृष्णा इलेक्ट्रॉनिक्स की दुकान जो कि शासकीय स्वास्थ्य केंद्र के सामने है वहां दुकान के सामने बाइक क्रमांक एमपी 20 केएच 9443 खड़ी थी। शाम 07 बजे के लगभग अज्ञात व्यक्ति द्वारा बाइक चोरी कर ली गई। आवेदक ने बड़वारा थाना में लिखित सूचना देकर गाड़ी खोजने की मांग की है।

झिंझरी में पलटी बोलेरो, बड़ा हादसा टला

कटनी। झिंझरी स्थित वन विभाग कार्यालय के सामने एक दर्दनाक सड़क हादसा होते-होते टल गया। तेज रफ्तार बोलेरो अचानक सड़क पर रखे एक बड़े पत्थर से टकराकर असंतुलित हो गई और जोरदार झटके के साथ सड़क किनारे पलट गई। गनीमत यह रही कि इस भीषण दुर्घटना में वाहन में सवार किसी भी व्यक्ति को गंभीर चोट नहीं आई और सभी बाल-बाल बच गए। दुर्घटना की आवाज सुनते ही आसपास के स्थानीय लोग मौके पर तुरंत इकट्ठा हो गए। लोगों ने तत्परता दिखाते हुए पलटे हुए वाहन के भीतर फंसे चालक और अन्य सवारों को सुरक्षित बाहर निकाला। हादसे के बाद कुछ देर के लिए यातायात भी प्रभावित रहा।

लापरवाही पर उपयंत्री को किया निलंबित

कटनी। जर्जर भवनों को समय पर हटाने में लापरवाही बरतने तथा संबंधित कार्रवाई में उदासीनता के कारण एक बुजुर्ग की मृत्यु होने के मामले में नगर निगम प्रशासन ने सख्त कार्रवाई की है। निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार ने वार्ड क्रमांक 27, सागर पुलिया के पास स्थित जर्जर भवन को तोड़ने की कार्रवाई में लापरवाही बरतने पर उपयंत्री संजय मिश्रा को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। जारी आदेश के अनुसार, संबंधित जर्जर भवन को तोड़ने के लिए पूर्व में आदेश जारी किए गए थे। इसके बावजूद भवन को समय पर हटाने की कार्रवाई नहीं की गई। इस संबंध में कारण बताओ सूचना-पत्र जारी कर स्पष्टीकरण मांगा गया था। उपयंत्री द्वारा प्रस्तुत जवाब संतोषजनक नहीं पाए जाने तथा वरिष्ठ अधिकारियों को समय पर वस्तुस्थिति से अवगत नहीं करने को गंभीर लापरवाही मानते हुए यह कार्रवाई की गई। आदेश में उल्लेख किया गया है कि जर्जर भवन का एक हिस्सा गिरने से एक बुजुर्ग व्यक्ति की मृत्यु हो गई थी। इस घटना के मद्देनजर निलंबन की कार्रवाई की गई है। निलंबन अवधि में उपयंत्री संजय मिश्रा का मुख्यालय नगर पालिक निगम कटनी निर्धारित किया गया है। इस दौरान उन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता रहेगी।

जहरीली पदार्थ के सेवन से दो की हुई मौत

कटनी। स्लीमनाबाद थाना क्षेत्र अंतर्गत तेवरी गांव के रहने वाले सुजन चौधरी 49 वर्ष की संदिग्ध परिस्थितियों में जहरीले पदार्थ के सेवन के बाद तबीयत बिगड़ गई। परिजनों व स्थानीय लोगों द्वारा उन्हें तुरंत इलाज के लिए जिला अस्पताल कटनी लाया गया, जहां उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है। इसी तरह ढीमरखेड़ा थाना क्षेत्र के ग्राम संकुई निवासी सूरजू लोधी 21 वर्ष ने किसी जहरीली वस्तु का सेवन कर लिया था, जिससे उसकी हालत गंभीर हो गई थी। बेहतर इलाज के लिए उसे जबलपुर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मृतक के परिजनों की ओर से दी गई सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है।

19 पाव अवैध शराब जब्त

कटनी। बड़वारा पुलिस ने एक व्यक्ति के पास से अवैध शराब जब्त की है। पुलिस के अनुसार 23 अक्टूबर की शाम सूचना मिली कि ग्राम मुड़ेहरा में एक व्यक्ति अपने घर के पास अवैध रूप से देशी शराब का कारोबार कर रहा है। पुलिस टीम ने तत्काल दबिश देकर आरोपी को मौके से धर दबोचा। आरोपी के कब्जे से 19 पाव देशी प्लेन शराब जब्त की गई। गिरफ्तार आरोपी का नाम रमेश दाहिया 45 साल, बताया गया है।

विशेष संयोग मे मनेगी शरद पूर्णिमा, मंदिरों में होंगे विविध आयोजन

शरदोत्सवः औषधियुक्त खीर का होगा वितरण, मंदिरों में होंगे विशेष आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद



सनातन धर्म में शरद पूर्णिमा का विशेष महत्व है। आश्विन मास के शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा शरद पूर्णिमा के नाम से जानी जाती है। शरद पूर्णिमा व्रत को रास पूर्णिमा भी कहा जाता है। शरद पूर्णिमा महोत्सव स्लीमनाबाद तहसील क्षेत्र मे आस्था व उल्लास के साथ मनाया जायेगा। तहसील क्षेत्र के मंदिरों मे सुबह से लेकर देर शाम तक विविध धार्मिक कार्यक्रम आयोजित होंगे। स्लीमनाबाद स्थित सिंहवाहिनी मंदिर, दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर, हरिदास ब्रजधाम कोहका, कौड़िया स्थित श्रीराम जानकी मंदिर व खिरहनी स्थित जगदीश धाम मंदिर मे शरद पूर्णिमा महोत्सव मनाया जायेगा। वहीं घरों व मंदिरों मे भी महिलाओं के द्वारा पूजा अर्चना की जाएगी।

पंडित रमाकांत पौराणिक ने जानकारी देते हुए बताया कि 25 अक्टूबर को शरद पूर्णिमा मनाई जाएगी। इसके अलावा स्नानदान पूर्णिमा 26 अक्टूबर को रहेगी। शरद पूर्णिमा पर चांद अपनी पूरी 16 कलाओं से युक्त होता है।साथ ही चंद्रमा की चांदनी अमृत से युक्त होती है। इस दिन माता लक्ष्मी रात्रि में पृथ्वी पर भ्रमण करती हैं और देखती हैं कि कौन जाग रहा है। जो जाग रहा होता है, उसे वे सुख-समृद्धि का आशीर्वाद प्रदान करती है। इस साल शरद पूर्णिमा परसर्वार्थ सिद्दि, रवि, हर्षण योग व रेवती ओर अश्वनी नक्षत्र में चंद्रमा से अमृत वर्षा होगी।

पंडित दिलीप पौराणिक ने बताया कि शरद पूर्णिमा इस साल बहुत उत्तम संयोग बन रहे है। शरद पूर्णिमा पर रेवती ओर अश्विनी नक्षत्र के साथ सर्वार्थ सिद्दि, रवि व हर्षण योग का संयोग बन रहा है!इस दिन रात में गाय के दूध की खीर बनाकर अर्द्ध रात्रि को भगवान को भोग लगाकर खीर को चांदनी रात में रखा जाता है। मान्यता है कि ऐसा करने से चंद्रमा की किरणों से खीर में अमृत प्राप्त होता है। आधी रात में चंद्रमा को भी अर्घ्य देना चाहिए। पूर्णिमा की चांदनी औषधि गुणों से युक्त होती है। इसमें रखी खीर का सेवन करने से चंद्र ग्रह संबंधी दोष जैसे कफ सर्दी छाती के रोग, मानसिक कष्ट या डिप्रेशन की समस्या और हार्मोनल संबंधी बीमारी में लाभकारी है। इस दिन भगवान श्री कृष्ण ने रास लीला की थी, इसलिए इसे रास पूर्णिमा भी कहा जाता है।

बांधा मंदिर में शरद महोत्सव

श्री राधाकृष्ण मंदिर लघु वृंदावन धाम बांधा में 25 अक्टूबर रविवार को शरद महोत्सव आयोजित होगा । सायं 6बजे स्थानीय बालक बालिकाओं द्वारा पवित्र गोप-गोपिका के भाव से नृत्य महाआरती तथा अत्यंत मनभावक गरबा नृत्य होंगे । सायं 7 बजे भगवान श्री राधा कृष्ण जी, आदि शक्ति मां गायत्री जी, भगवान भोलेनाथ जी, विघ्न विनाशक गणेश जी एवं हनुमान जी की भव्य महाआरती होगी । शरद पूर्णिमा के संबंध की पौराणिक गाथा अनुसार इस रात्रि में भगवान श्री कृष्ण जी ने जगत को आनंदित करने हेतु श्री राधा रानी जू एवं गोपियों के साथ परम महारास रचाया था तथा प्रकृति ने अमृत वर्षा की थी । ऐसे ही अप्रतिम वातावरण में बांधा मंदिर में भगवान के महारास के दर्शन के साथ अमृतरूपी खीर प्रसाद का वितरण होगा ।

श्री राधा कृष्ण सेवा समिति के पंडित रामनरेश त्रिपाठी, नवनीत चतुर्वेदी ,महेश पाठक, सीताराम मिश्रा ,मनोज पाठक, सत्येंद्र त्रिपाठी ,कृष्णकांत पांडे ,राघवेंद्र दुबे ,ओमप्रकाश दुबे, द्वारका मिश्रा आदि ने समस्त श्रद्धालु जनों से मंदिर पधार कर पुण्य लाभ प्राप्त करने की प्रार्थना की है ।



नवाचार करके आदर्श ग्राम बनाने की दिशा में आगे बढ़ें

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

विकासखंड कटनी के सेक्टर कन्हवारा में नवांकुर संस्था बारडोली वेलफेयर सोसाइटी कटनी के द्वारा ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियों की क्षमता वृद्धि हेतु एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया । कार्यक्रम में अतिथि के रूप में आनंद विभाग के पूर्व डीपीएल अनिल कांबले, ग्राम पंचायत के उप सरपंच कमलेश चौधरी, नवांकुर संस्था बारडोली वेलफेयर सोसाइटी के अध्यक्ष आर एल चौधरी उपस्थित रहे।

आनंद विभाग के पूर्व डीपीएल अनिल कांबले के द्वारा उपस्थित प्रतिनिधियों को सदैव आनंदित रखने वाली प्रेरणादाई गतिविधियों के माध्यम से अपने-अपने ग्रामों में सक्रियता से काम करने हेतु प्रेरित किया गया। समितियों में नए सक्रिय सदस्य बनाकर उनके माध्यम से ग्राम विकास के काम करने, ग्राम में नए-नए आयोजनों के माध्यम से अपनी पहचान बनाने सहित दस्तावेजीकरण आदि की विस्तार से जानकारी दी।

नवांकुर संस्था बारडोली वेलफेयर सोसाइटी के अध्यक्ष आर एल चौधरी ने अपने उद्बोधन में कहा कि अपने-अपने गांव में नवाचार करते हुए आदर्श ग्राम बनाने की दिशा में आगे बढ़ें। विषय विशेषज्ञ के रूप में मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम के परामर्शदाता रामानुज पांडेय और श्रीमती रूपा बर्मन ने संवाद कौशल आवश्यकता एवं तकनीक के संबंध में प्रशिक्षण प्रदान किया साथ ही रोल प्ले के माध्यम से संवाद की कला को प्रदर्शित किया, जिसमें उपस्थित प्रतिभागियों ने भी सहभागिता की। कार्यक्रम में उपस्थित प्रतिभागियों को नवांकुर संस्था के द्वारा सहभागिता के लिए प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए।

जैविक खेती के साथ स्व रोजगार एवं आत्मनिर्भरता के बताये तरीके

विद्यार्थियों को केंचुआ खाद एवं वर्मीवाश निर्माण का दिया गया तकनीकी प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद



विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ आर्थिक रूप से सशक्त बनाने, आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने और स्वरोजगार के अवसरों से जोड़ने के उद्देश्य से जनपद पंचायत ढीमरखेड़ा के अंतर्गत शासकीय आरके गौतम उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मुरवारी में जैविक कृषि पर तकनीकी प्रशिक्षण आयोजित किया गया। प्राचार्य श्री संघ रत्नभे लावेके के मार्गदर्शन में जैविक कृषि विशेषज्ञ रामसुख दुबे ने विद्यार्थियों को केंचुआ खाद एवं वर्मीवाश निर्माण की विधि समझाई और जैविक खेती के महत्व की जानकारी दी।

प्रशिक्षण के दौरान श्री दुबे ने बताया कि गांवों में उपलब्ध गोबर, फसल अवशेष, पत्तियां, डंठल, खरपतवार एवं अन्य जैविक कचरे का उपयोग कर कम लागत में केंचुआ खाद तैयार की जा सकती है। इसके लिए जैविक अपशिष्ट को छोटे-छोटे टुकड़ों में काटकर उसमें लगभग एक सप्ताह तक पानी डालकर नमी बनाए रखी जाती है, ताकि कचरा ठंडा हो जाए। इसके बाद इसमें आइसीनिया फेटिडा प्रजाति के केंचुए डाले जाते हैं, जो लगभग 30 से 45 दिनों में जैविक खाद तैयार कर देते हैं।

उन्होंने बताया कि सामान्यतः प्रति एकड़ 8 से 10 क्विंटल केंचुआ खाद की आवश्यकता होती है। इसके उपयोग से मिट्टी की गुणवत्ता में सुधार, जलधारण क्षमता में वृद्धि और पोषक तत्वों की उपलब्धता बढ़ाने में मदद मिलती है। इससे फसलों में कीट एवं रोगों का प्रकोप कम करने तथा फल, सब्जियों और अनाज की गुणवत्ता सुधारने में भी सहायता मिल सकती है। केंचुआ खाद मिट्टी में नाइट्रोजन, फास्फोरस, पोटाश, कैल्शियम सहित अन्य सूक्ष्म पोषक तत्वों की उपलब्धता बढ़ाने में सहायक होती है।

प्रशिक्षण में विद्यार्थियों को केंचुआ पालन एवं केंचुआ खाद निर्माण के माध्यम से वार्षिक आय अर्जित करने तथा विभिन्न फसलों में इसके उपयोग की विधियों की जानकारी दी गई। साथ ही वर्मीवाश तैयार करने की तकनीक भी समझाई गई। विशेषज्ञ ने बताया कि वर्मीवाश का उपयोग पौधों की वृद्धि तथा फूल एवं फल के विकास में सहायक जैविक घोल के रूप में किया जा सकता है। इस प्रशिक्षण के माध्यम से विद्यार्थियों को जैविक संसाधनों का सदुपयोग, पर्यावरण संरक्षण, मिट्टी की उर्वरता बनाए रखने और कम लागत में कृषि आधारित स्वरोजगार शुरू करने की तकनीकी जानकारी प्रदान की गई।

जिला स्तरीय बैठक में विभिन्न विषयों पर हुई चर्चा



भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय में 'लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ' अभियान की तैयारियों एवं आगामी कार्यक्रमों को लेकर जिला स्तरीय बैठक आयोजित की गई। बैठक में अभियान की रूपरेखा तय करने के साथ ही विभिन्न कार्यक्रमों के प्रभावी आयोजन एवं जनसंपर्क गतिविधियों को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक को संबोधित करते हुए जिला संगठन प्रभारी सुजीत जैन ने कहा कि केंद्रीय नेतृत्व के निर्देशानुसार आयोजित होने वाले इस अभियान का उद्देश्य लोकतांत्रिक एवं संवैधानिक संस्थाओं की विश्वसनीयता, लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं और शुद्ध मतदाता सूची के महत्व को जनता के सामने रखना है। उन्होंने कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था से जुड़े विषयों पर विपक्ष द्वारा उठाए जा रहे सवालों का तथ्यों के साथ जवाब देते हुए पार्टी का पक्ष जनता तक पहुंचाना आवश्यक है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे अभियान के माध्यम से समाज के विभिन्न वर्गों के बीच संवाद स्थापित कर लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति जागरूकता बढ़ाएं। बैठक में अभियान के अंतर्गत पदयात्रा, पत्रकार वार्ता, वरिष्ठ नागरिकों के साथ संगोष्ठी एवं महाविद्यालयों में युवा संवाद सहित विभिन्न कार्यक्रम आयोजित करने की कार्ययोजना पर चर्चा की गई, साथ ही कार्यक्रमों के व्यवस्थित संचालन, कार्यकर्ताओं के दायित्व निर्धारण एवं संगठनात्मक समन्वय को लेकर भी विचार-विमर्श किया गया।

जिला पंचायत सीईओ द्वारा अधिकारी एवं कर्मचारियों को दी सख्त हिदायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग ने ग्राम पंचायतों में कार्यालयों के नियमित संचालन, कर्मचारियों की उपस्थिति तथा शासकीय अभिलेखों और सामग्री के रखरखाव को लेकर जिला पंचायत सीईओ हरसिमरनप्रीत कौर ने सख्त निर्देश जारी किए हैं। मुख्यमंत्री जनविश्वास अभियान के दौरान क्षेत्रीय भ्रमण में सामने आई अनियमितताओं के बाद विभाग ने पंचायतों की कार्यप्रणाली दुरुस्त करने पर जोर दिया है।

जिला पंचायत सीईओ सुश्री हर सिमरनप्रीत कौर ने निर्देशों का अक्षरशः पालन करने सख्त निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा है कि निर्देशों की अवहेलना एवं लापरवाही पाए जाने पर दोषी लोक सेवकों पर कड़ी कार्यवाही होगी।

पंचायत भवन उपलब्ध होने पर निर्धारित कार्यालयीन समय में कार्यालय खोलना अनिवार्य होगा। पंचायत भवन नहीं होने अथवा भवन के जीर्णशीर्ण या अपर्याप्त होने पर शासकीय सामुदायिक या बहुउद्देशीय भवन से कार्यालय संचालित किया जाएगा। किसी भी स्थिति में सरपंच, पंचायत सचिव या ग्राम रोजगार सहायक के निजी निवास से पंचायत कार्यालय संचालित नहीं किया जाएगा। शासकीय सामग्री का रखरखावः पंचायत के अभिलेख, फर्नीचर, टीवी, कंप्यूटर और अन्य सामग्री को व्यवस्थित रूप से पंचायत भवन में रखा जाएगा। खंड पंचायत अधिकारी (BPO) एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत द्वारा पंचायतों का औचक निरीक्षण कर कार्यालय संचालन और सामग्री का भौतिक सत्यापन किया जाएगा।

कर्मचारियों को किया सचेत

बिना सूचना या अनधिकृत रूप से अनुपस्थित रहने तथा कार्यालय संचालन में लापरवाही बरतने वाले पंचायत सचिवों एवं ग्राम रोजगार सहायकों के विरुद्ध नियमानुसार अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। जिला पंचायत की सीईओ सुश्री हर सिमरनप्रीत कौर ने सभी जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को सतत निगरानी रखने और ग्राम पंचायतों में निर्देशों का पालन सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए हैं।

ग्राम तेवरी में प्रस्फुटन समितियों के क्षमतावर्धन प्रशिक्षण का आयोजन

जनकल्याणकारी योजनाओं एवं सामाजिक जागरूकता के प्रति समितियों को किया प्रेरित

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद



विकासखंड बहोरीबंद की ग्राम पंचायत तेवरी में नवांकुर संस्था युवा जन सेवा समिति, तेवरी के तत्वावधान में प्रस्फुटन शक्ति संचय अभियान के अंतर्गत सेक्टर स्तरीय प्रस्फुटन समितियों का क्षमतावर्धन प्रशिक्षण आयोजित किया गया। प्रशिक्षण का उद्देश्य प्रस्फुटन समितियों को सक्रिय बनाना, उनकी कार्यक्षमता बढ़ाना तथा ग्रामीण विकास एवं जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में उनकी सहभागिता सुनिश्चित करना रहा।

कार्यक्रम का शुभारंभ जनपद सदस्य कमलेश कुमार जैन,सरपंच अमोच नरेश कुमार दाहयत द्वारा मां सरस्वती के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं पूजन के साथ किया गया। प्रशिक्षण के दौरान विकासखंड समन्वयक अरविंद शाह ने प्रशिक्षण की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए कार्यप्रणाली, उद्देश्यों एवं विभिन्न योजनाओं की विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने प्रस्फुटन समितियों को सक्रिय रूप से कार्य करने के लिए आवश्यक दस्तावेजीकरण, एनजीओ पंजीयन प्रक्रिया, एमपीजअफ एप के उपयोग तथा सोशल मीडिया के माध्यम से जनजागरूकता बढ़ाने के विषय में मार्गदर्शन दिया।

परामर्शदाता विनोद सिंह ने संवाद कौशल एवं प्रभावी संचार तकनीकों की जानकारी देते हुए बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में जनसंपर्क और बेहतर संवाद के माध्यम से सामाजिक कार्यों को अधिक प्रभावी बनाया जा सकता है। प्रशिक्षण में स्वामित्व योजना, नल-जल योजना, बकरी पालन, मत्स्य पालन सहित विभिन्न जनकल्याणकारी एवं आजीविका संवर्धन संबंधी विषयों पर भी जानकारी साझा की गई। सरपंच नरेश कुमार दाहयत ने ग्रामीण विकास में जनभागीदारी के महत्व पर प्रकाश डालते हुए समितियों को सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया। वहीं, नवांकुर संस्था के सेक्टर प्रभारी रविन्द्र नाथ झारिया ने संस्था एवं समितियों द्वारा किए जा रहे कार्यों की जानकारी प्रस्तुत की।प्रशिक्षण के दौरान आगामी कार्ययोजना के अंतर्गत जल संरक्षण, जनजागरूकता शिविरों के आयोजन तथा ग्राम पंचायतों के साथ समन्वय स्थापित कर विकास कार्यों को आगे बढ़ाने पर चर्चा की गई।

निगमायुक्त ने कहा नागरिक सुविधाओं में लाएं सुधार

निर्माण कार्य में देरी पर नाराजगी, सफाई व्यवस्था में लापरवाही पर फटकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



नागरिक सुविधाओं से जुड़े विकास कार्यों में लापरवाही और अनावश्यक देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सभी निर्माण कार्य निर्धारित समय-सीमा में गुणवत्ता के साथ पूरे किए जाएं और स्वच्छता सहित मूलभूत सुविधाओं की नियमित निगरानी सुनिश्चित हो। शुक्रवार को क्षेत्रीय निरीक्षण के दौरान निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार ने अधिकारियों को ये निर्देश देते हुए निर्माण कार्यों की प्रगति, स्वच्छता व्यवस्था और नागरिक सुविधाओं का जायजा लिया।

निगमायुक्त ने विवेकानंद वार्ड स्थित लखेरा खेरमाई मंदिर प्रांगण में निर्माणाधीन सामुदायिक भवन का निरीक्षण कर कार्य की प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने संबंधित उपयंत्री से वर्क ऑर्डर और कार्य पूर्णता की निर्धारित तिथि की जानकारी लेते हुए निर्माण में देरी पर नाराजगी व्यक्त की तथा संबंधित निर्माण एजेंसी को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। साथ ही, भविष्य में निर्मित होने वाले सभी नवीन सामुदायिक भवनों में वाटर हार्वेस्टिंग की व्यवस्था अनिवार्य रूप से सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

सीवर कार्य पूर्ण, शीघ्र कराए मार्ग का डामरीकरण

लखेरा मार्ग के निरीक्षण के दौरान निगमायुक्त ने सीवर लाइन विस्तार कार्य की स्थिति की समीक्षा की। संबंधित उपयंत्री ने बताया कि मुख्य मार्ग पर सीवर लाइन का कार्य पूरा हो चुका है। इस पर निगमायुक्त ने सहायक यंत्री अनिल जायसवाल को नागरिकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए मार्ग पर शीघ्र डामरीकरण कार्य प्रारंभ करने के निर्देश दिए, ताकि आवागमन सुगम हो सके।

खेरमाई मंदिर प्रांगण स्थित आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 135 और योग भवन का निरीक्षण करते हुए निगमायुक्त ने बच्चों के बैठने सहित उपलब्ध व्यवस्थाओं का जायजा लिया। आंगनबाड़ी कक्ष छोटा होने और बच्चों के लिए पर्याप्त स्थान उपलब्ध नहीं होने पर उन्होंने केंद्र का संचालन योग भवन में व्यवस्थित रूप से करने के निर्देश दिए। उन्होंने मंदिर परिसर और आयुष्मान स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण कर आसपास की रिक्त भूमि के संबंध में भी जानकारी प्राप्त की।

निरीक्षण के अगले चरण में निगमायुक्त ने वेस्टलैंड के पास स्थित सुलभ शौचालय और आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 138 की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। सुलभ शौचालय की सफाई व्यवस्था में सुधार के निर्देश देते हुए उन्होंने केंद्र और शौचालय के बाहर सार्वजनिक मार्ग पर गंदगी मिलने पर क्षेत्रीय वार्ड दरोगा के प्रति नाराजगी व्यक्त की तथा तत्काल पर्याप्त साफ-सफाई कराने के निर्देश दिए। क्षेत्र में हैंडपंप के पास जलभराव की समस्या के निराकरण के लिए उपयंत्री मृदुल श्रीवास्तव को सोक पिट का निर्माण कराने के लिए निर्देशित किया। इस दौरान निगमायुक्त ने वार्ड के कचरा संग्रहण वाहन को रोककर सुपरवाइजर से वार्ड में किए जा रहे संग्रहण कार्य एवं वाहन में एकत्रित कचरे को प्लांट भेजने की टाइमिंग की भी जानकारी ली।

सरकारी जमीन में उपले पाथने को लेकर दो पक्षों में हुआ विवाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

बाकल थाना अंतर्गत ग्राम चांदनखेड़ा में दो पक्षों के बीच विवाद हो गया। झड़प में दोनों पक्षों से लाठी-डंडे और गाली-गलौज की नौबत आ गई। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायतों पर क्रॉस मामला दर्ज कर लिया है। जानकारी के अनुसार ग्राम चांदनखेड़ा में पिछले कुछ समय से जमीन के उपयोग को लेकर तनाव चल रहा था। 22 अक्टूबर 2026 की रात लगभग 10:00 बजे यह विवाद तब बढ़ गया जब दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए। विवाद का मुख्य कारण गांव की सरकारी जमीन पर कंडा पाथना (उपले थापना) बताया जा रहा है। इसी बात पर उपजे आक्रोश के बाद दोनों पक्षों के बीच गाली-गलौज, मारपीट और जान से मारने की धमकी का दौर शुरू हो गया।

दोनो पक्षों ने की शिकायत

घटना को लेकर पहले पक्ष के होरीलाल कुम्हार 62 वर्ष ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई। होरीलाल की शिकायत पर पुलिस ने प्रीतम, सीतम, भालू, सुन्नी, संतोष और ललिता कुम्हार (सभी निवासी ग्राम चांदनखेड़ा) के खिलाफ नामजद मामला दर्ज किया है। इसी तरह दूसरे पक्ष से सीतम कुम्हार 42 वर्ष ने भी थाने पहुंचकर अपनी शिकायत दर्ज कराई। सीतम की शिकायत पर पुलिस ने दूसरे पक्ष के होरीलाल, भंगी, मारू, सत्तू और ममता बाई के खिलाफ क्रॉस मामला दर्ज किया है। शिकायत पर भी पुलिस ने समान धाराओं के तहत अपराध कायम किया है।

स्वामित्व योजना: 137 गांव में 19529 हितग्राहियों में सिर्फ 536 की रजिस्ट्री

पटवारियों की हड़ताल खत्म होने के बाद शुरू हुई प्रक्रिया पर सर्वर की सुस्ती



हरिभूमि न्यूज ⏭ हटा

हटा तहसील में स्वामित्व योजना के तहत ग्रामीणों को जमीन और मकान का मालिकाना हक देने की प्रक्रिया बेहद धीमी गति से चल रही है। हालांकि हटा तहसील के 137 गांवों में 19 हजार 529 हितग्राहियों की रजिस्ट्री की जानी है। लेकिन अब तक केवल 536 रजिस्ट्री ही हो सकी हैं। 17 सितंबर से शुरू हुई प्रक्रिया में पहले पटवारियों की हड़ताल और अब पोर्टल की तकनीकी खामियां बाधा बन रही हैं। विगत सप्ताह से पटवारियों ने हड़ताल समाप्त कर काम शुरू किया। लेकिन सर्वर की सुस्ती ने रजिस्ट्री की रफ्तार पर ब्रेक लगा दिया। शनिवार को भी पोर्टल ओवरलोड होने के कारण राजस्व



अमले को परेशानी का सामना करना पड़ा। दोपहर बाद सर्वर इस कदर धीमा हुआ कि रजिस्ट्री का काम बीच में ही रोकना पड़ा। शाम 5 बजे तक अधिकारी, कर्मचारी और हितग्राही पोर्टल के दोबारा चालू होने का इंतजार करते रहे। ऐसे में योजना का लक्ष्य पूरा करना जिला प्रशासन के लिए चुनौती बन गया है।

एक रजिस्ट्री में लग रहे 1 से 2 घंटे-

पटवारियों ने बताया कि स्वामित्व योजना की रजिस्ट्री शुरू होते ही सर्वर की समस्या सामने आने आ रही है। बीच-बीच में पोर्टल हैंग भी हो जाता है इसके अलावा दिन में सर्वर बार-बार डाउन हो जाता है, जिसके कारण काम रोकना पड़ता है। राजस्व अमला रजिस्ट्री करने के लिए तैयार है, लेकिन तकनीकी दिक्कतों के कारण प्रक्रिया आगे नहीं बढ़ पा रही है। पटवारियों का कहना है कि एक रजिस्ट्री करने में एक से दो घंटे तक लग रहे हैं। कई बार फॉर्म भरने के बाद सबमिट नहीं हो पाता। जिससे दोबारा प्रक्रिया करनी पड़ती है। समय की बर्बादी होती है सो अलग बात है।

राजस्व विभाग के अधिकारियों का कहना है कि सर्वर डाउन और पोर्टल ओवरलोड की समस्या प्रदेश स्तर पर है। एक साथ पूरे प्रदेश में रजिस्ट्री का काम चलने से पोर्टल पर दबाव बढ़ रहा है। जिला प्रशासन ने तकनीकी खामी की जानकारी उच्च स्तर पर भेज दी है। एसडीएम राकेश मरकाम का कहना है कि सर्वर की समस्या दूर होने के बाद रजिस्ट्री कार्य में तेजी लाई जाएगी। ताकि हितग्राहियों को जल्द मालिकाना हक मिल सके।

स्वामित्व योजना की खास बातें-

बैंक से लोन की सुविधा : इस कागज के आधार पर बैंक से लोन लिया जा सकता है। अगर बैंक की बाकी शर्तें पूरी होती है। अभी तक ग्रामीण आबादी की जमीन पर लोन नहीं मिल पाता था। लेकिन रजिस्ट्री के बाद यह संभव होगा।

कारोबार में काम आएगा

घर-जमीन के इस कागज का इस्तेमाल कारोबार या स्वरोजगार से जुड़े कामों में किया जा सकेगा। यानी अब आप अपनी प्रॉपर्टी दिखाकर अपना बिजनेस शुरू करने के लिए मदद ले सकते हैं।

रिकॉर्ड सुरक्षित रहेगा

सबसे बड़ा फायदा यह कि संपत्ति का रिकॉर्ड ऑनलाइन दर्ज रहेगा और रजिस्ट्री की कॉपी डिजिटल रूप में भी मिलेगी। इससे भविष्य में जमीन को लेकर विवाद, धोखाधड़ी और कागज गुम होने की टेंशन खत्म हो जाएगी।

अभी की स्थिति यह है कि घर पर आपका कब्जा है और स्वामित्व योजना में आपके नाम का रिकॉर्ड दर्ज है। ड्रोन सर्वे के बाद यह रिकॉर्ड तैयार किया गया है। मुफ्त रजिस्ट्री. इसके बाद क्या मिलेगा? शासन अब इसी रिकॉर्ड के आधार पर आपके नाम की मुफ्त रजिस्ट्री कर रहा है। इसके बाद आपके नाम की रजिस्ट्री का पक्का कानूनी कागज होगा। यह कागज ही आपके घर-जमीन का सबसे बड़ा प्रूफ होगा।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व शिविर का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ हिण्डोरिया

स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत एक विशेष शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में नगर एवं आस पास के ग्रामीण क्षेत्रों से प्रसव पूर्व गर्भवती महिलाएं अपने स्वास्थ्य की जांच करने पहुंची। परीक्षण के दौरान 49 हाई रिस्क महिलाएं पाईं गईं (उच्च जोखिम वाली)।जांच के उपरांत महिलाओं को आवश्यक स्वास्थ्य सुविधाओं के साथ-साथ निशुल्क दवाइयां और स्वास्थ्य सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए जोखिम वाली अन्य सभी गर्भवती महिलाओं को पोषण युक्त आहार के रूप में गुड़ ,चना तथा ताजे फल वितरित किए गए।शिविर में डॉक्टर ज्योति दुबे द्वारा गर्भवती महिलाओं की जांच की गई। हाई रिस्क गर्भवती महिलाओं को समय पर टीका करण, पोष्टिक आहार की विशेष सलाह दी गई। साथ ही उनका ब्लड प्रेशर,खून, हीमोग्लोबिन, एचआईवी और अन्य जरूरी टेस्ट शामिल रहे जो लैब में किए गए ।इसके साथ ही अस्पताल की सामान्य ओपीडी में डॉक्टर अनुराग दत्ता ,डॉक्टर निखिल गुप्ता,द्वारा अन्य मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें आवश्यक दवाइयां उपलब्ध कराई गई। शिविर का जायजा लेने के लिए ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर डॉक्टर अमित मिश्रा ने निरीक्षण कर देखा और स्वयं भी मरीज को जांच कर उचित चिकित्सीय सलाई दी ।

डॉक्टर ज्योति दुबे ने बताया कि गर्भावस्था के दौरान नियमित जांच बेहद जरूरी है। क्यों कि यह जच्चा बच्चा की सेहत को सुरक्षित करता है।शिविर में आई महिलाओं की प्रसव पूर्व जांच की गई। जिन्हें खून की कमी या अन्य जटिलता पाई गई उन्हें विशेष देखभाल और खान-पान में सुधार की सलाह दी गई। डॉ अनुराग दत्ता एवं डॉक्टर निखिल गुप्ता ने बताया कि शिविर के साथ-साथ ओपीडी में मरीजों की भीड़ लगी रही ।मौसमी बीमारियों और अन्य विकारों से पीड़ित मरीजों की बारीकी से जांच की गई अस्पताल में पर्याप्त मात्रा में दवाई उपलब्ध है जिन्हें मरीजों को निशुल्क वितरित किया गया। बीएमओ डॉक्टर अमित मिश्रा ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों मे मातृ और शिशु मृत्यु दर को कम करने के उद्देश्य से इस शिविर का आयोजन हर माह में दो बार किया जाता हैं। साथ ही उन्होंने हाई रिस्क श्रेणी में पाई गई महिलाओं को विशेष निगरानी रखने के निर्देश दिए।। और बताया कि हमारा प्रयास है कि हर गर्भवती महिला को समय पर गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य लाभ मिले। उक्त अवसर पर अर्चना कुर्मी, हेमंत शुक्ला, पंकज वर्मा, सहित ,एएनएम, आशा कार्यकर्ता और लैब टेक्नीशियन सहित पूरा स्टाफ मौजूद रहा।

टाइगर रिजर्व के जंगल में पगडंडी पार करते समय दिखा बाघ, पर्यटकों ने बनाया वीडियो



तेंदूखेड़ा। बारिश का मौसम समाप्त होने के बाद वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व में जंगल सफारी शुरू हो गई है सफारी के लिए पहुंच रहे पर्यटकों को जंगल में वन्यजीवों के दीदार हो रहे हैं। इसी दौरान पर्यटकों को एक बाघ नजर आया, जो जंगल के बीच बनी पगडंडी को पार करता दिखाई दिया पर्यटकों ने इस नजारे को अपने मोबाइल कैमरे में कैद कर लिया बाघ का वीडियो सामने आने के बाद वन्यजीव प्रेमियों में उत्सुकता बढ़ गई है। जानकारी के अनुसार, बाघ का यह वीडियो टाइगर रिजर्व की मुहली रेंज का बताया जा रहा है। वीडियो में बाघ जंगल के रास्ते को पार करता नजर आ रहा है। जंगल सफारी के दौरान पर्यटकों को इस तरह वन्यजीवों को करीब से देखने का मौका मिल रहा है। हालांकि, वीडियो किस स्थान पर बनाया गया है इसकी आधिकारिक पुष्टि होना बाकी है

वीडीटीआर टाइगर रिजर्व में अब चीते भी

वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व में बाघ और तेंदुए के साथ अब चीते भी वन्यजीवों के आकर्षण का केंद्र बनेंगे 7 अक्टूबर को कूनो से लाकर दो चीते यहां छोड़े गए थे फिलहाल दोनों चीते बाड़ों में रखे गए हैं निगरानी और जरूरी प्रक्रियाएं पूरी होने के बाद उन्हें खुले जंगल में छोड़े जाने की योजना है टाइगर रिजर्व में जंगल सफारी का आनंद लेने के लिए पर्यटक मध्य प्रदेश वन विभाग के आधिकारिक ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से बुकिंग कर सकते हैं उपलब्ध जानकारी के अनुसार प्रवेश शुल्क प्रति व्यक्ति 250 रुपए है, जबकि दो घंटे की सफारी के लिए जिप्सी का किराया लगभग 2500 रुपए प्रति वाहन बताया गया है पर्यटकों को यात्रा से पहले बुकिंग, शुल्क और उपलब्धता की ताजा जानकारी आधिकारिक पोर्टल से जांचने की सलाह दी जाती है। टाइगर रिजर्व के एसडीओ बीपी तिवारी ने बताया कि जंगल सफारी के दौरान पर्यटकों को बाघ दिखाई दे रहे हैं दो दिन पहले भी बाघ नजर आया था सामने आए वीडियो के स्थान की जांच की जा रही है जांच के बाद ही यह स्पष्ट हो सकेगा कि वीडियो टाइगर रिजर्व के किस हिस्से का है।

साल में सिर्फ एक बार मंदिर से बाहर निकलते हैं प्रभु....

शरद पूर्णिमा पर सजता है भगवान का दरबार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बनवार

जनपद क्षेत्र के ऐतिहासिक गाँव मुवार में शरद पूर्णिमा का पर्व अनूठे और दिव्य रूप में मनाया जाता है। यहाँ स्थित अति प्राचीन श्री राम, लक्ष्मण, जानकी और हनुमान जी मंदिर में यह परंपरा पुरातन काल से चली आ रही है। शरद पूर्णिमा की पावन रात्रि में प्रभु वर्ष में केवल एक बार मंदिर से बाहर आते हैं, जहाँ उनका भव्य दरबार सजाया जाता है और पूरा गाँव पूरी रात भक्ति और उत्साह के साथ जागरण करता है। धार्मिक मान्यता है कि शरद पूर्णिमा की रात चंद्रमा अपनी समस्त १६ कलाओं से युक्त होकर अमृत की वर्षा करता है। इस अमृत पान के



लिए गाँव के प्रत्येक घर से दूध, चावल और सामग्री एकत्रित की जाती है। मंदिर परिसर में ही खुले आसमान के नीचे बड़े पात्रों में सामूहिक रूप से खीर तैयार की जाती है। रात १२ बजे जब पूर्ण चंद्र गगन में अपनी छटा बिखेरता है, तब सबसे पहले भगवान श्री राम दरबार को खीर का भोग लगाया जाता है। इसके पश्चात यह खीर महाप्रसाद के रूप में उपस्थित सभी श्रद्धालुओं में वितरित की जाती है। स्थानीय ग्रामीणों का अटूट विश्वास है कि खुले आसमान के नीचे बनी और चंद्रमा की किरणों से अभिमंत्रित यह खीर औषधीय गुणों से युक्त होती है। इसे ग्रहण करने से कई प्रकार के असाध्य शारीरिक व मानसिक विकारों से मुक्ति मिलती है। इस भक्ति उत्सव में गाँव की महिलाओं, पुरुषों, बुजुर्गों और बच्चों की सामूहिक जनभागीदारी देखने को मिलती है। पूरी रात श्रद्धालु एकत्रित होकर भजन-कीर्तन, पूजन और आरती में लीन रहते हैं, जिससे संपूर्ण मुवार गाँव राममयी और भक्तिमय माहौल में डूबा नजर आता है।

पूनम की चांदनी रात में निकलेगी श्री राज जी महाराज की दिव्य शोभा यात्रा

शरदपूर्णिमा महोत्सव में देशभर से पहुंचे सुंदरसाथ, पांच दिवसीय अखंड जागनी रासलीला का आयोजन

पन्ना। श्री पांच पद्मावतीपुरी धाम पन्ना में अंतरराष्ट्रीय शरदपूर्णिमा महोत्सव के तहत रविवार की मध्यरात्रि श्री 108 प्राणनाथ जी मंदिर के बंगला जी दरबार साहब से श्री राज जी महाराज की दिव्य शोभायात्रा रासमंडल के लिए निकलेगी। रात्रि 12 बजे निकलने वाली शोभायात्रा के रासमंडल पहुंचने के साथ पांच दिवसीय अखंड जागनी रासलीला का आयोजन शुरू होगा। महोत्सव में शामिल होने के लिए देश के विभिन्न हिस्सों से हजारों सुंदरसाथ पन्ना पहुंचे हैं।

महोत्सव के अंतर्गत शनिवार की मध्य रात्रि सतगुरु धनी देवचंद जी मंदिर में सद्गुरु देवचंद जी महाराज का प्राकट्य उत्सव श्रद्धा के साथ मनाया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने दर्शन किए। मंदिर परिसर स्थित ब्रह्म चबूतरे पर भजन-कीर्तन, प्रवचन और आध्यात्मिक कार्यक्रम भी आयोजित किए गए। देश के विभिन्न क्षेत्रों से आए विद्वानों और कलाकारों ने प्रस्तुतियां दीं। श्री 108 प्राणनाथ जी मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष महेश भाई पटेल व उपाध्यक्ष डीके दबे, प्रबंधक आशीष शर्मा ने बताया कि देश - विदेश से से आए श्रद्धालुओं के लिए आवास, भोजन-प्रसाद और अन्य आवश्यक सुविधाओं की व्यवस्था ट्रस्ट के द्वारा की जा रही है। महोत्सव के दौरान कई श्रद्धालु भी सेवा कार्यों में सहयोग कर रहे हैं।

हिरदेपुर के पार्क में सामुदायिक भवन निर्माण पर रोक की मांग

दमोह। ग्राम पंचायत हिरदेपुर स्थित सरदार वल्लभभाई पटेल पार्क में स्वीकृत सामुदायिक भवन के निर्माण पर रोक लगाने और टेंडर निरस्त करने की मांग की गई है। शिकायतकर्ता अनुराग हजारी ने कलेक्टर दमोह सहित संबंधित विभागीय अधिकारियों को पत्र भेजकर कार्रवाई की मांग की है। शिकायत के अनुसार, 12 अक्टूबर 2026 को पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद पटेल ने पार्क परिसर में प्रस्तावित सामुदायिक भवन का भूमिपूजन किया था। हजारी का कहना है कि सार्वजनिक पार्क में गैर-पार्क निर्माण कराना नियमों के विपरीत है। उन्होंने इस संबंध में हाईकोर्ट के आदेशों का हवाला भी दिया है। हजारी के मुताबिक, पार्क में सरदार वल्लभभाई पटेल की प्रतिमा स्थापित करने से संबंधित जनहित याचिका अनुराग हजारी विरुद्ध कलेक्टर दमोह एवं अन्य के नाम से जबलपुर हाईकोर्ट में लंबित है। उन्होंने मध्य प्रदेश हाईकोर्ट के पूर्व न्यायिक फैसलों का उल्लेख करते हुए कहा कि सार्वजनिक पार्क की मूल प्रकृति में बदलाव कर वहां सामुदायिक भवन जैसे निर्माण नहीं किए जाने चाहिए। शिकायत में यह भी कहा गया है कि सामुदायिक भवन की प्रशासनिक स्वीकृति में स्थल का उल्लेख 'सरदार वल्लभभाई पटेल मूर्ति प्रांगण' के रूप में किया गया है, जबकि संबंधित भूमि पर पार्क विकसित किया गया है। निर्माण की प्रशासनिक स्वीकृति पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के 30 मार्च 2026 के संशोधित आदेश के माध्यम से जारी किए जाने का उल्लेख भी पत्र में किया गया है। शिकायतकर्ता ने दावा किया कि ग्राम पंचायत हिरदेपुर ने 21 जनवरी 2021 को प्रस्ताव क्रमांक 7 पारित कर खसरा नंबर 22/5 की 0.80 हेक्टेयर भूमि पर विकसित पार्क के रखरखाव की जिम्मेदारी मध्य प्रदेश प्रगतिशील कुर्मी संगठन लोक न्यास ट्रस्ट को सौंपने का प्रस्ताव किया था। उन्होंने इस व्यवस्था पर भी सवाल उठाए हैं। हजारी ने कलेक्टर दमोह, कार्यपालन यंत्री ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग दमोह, कमिश्नर सागर, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के प्रमुख सचिव तथा आयुक्त को पत्र भेजकर सामुदायिक भवन निर्माण पर रोक लगाने, टेंडर निरस्त करने और मामले की जांच कर उचित कार्रवाई करने की मांग की है।

महिला कांग्रेस ने निकाला कैंडल मार्च



दमोह। अखिल भारतीय राष्ट्रीय महिला कांग्रेस एवं म.प्र. महिला कांग्रेस के निर्देशानुसार जिला महिला कांग्रेस के नेतृत्व में उत्तराखंड की युवती अंकिता भंडारी को न्याय दिलाने अम्बेडकर चौक से घंटाघर तक पैदल मार्च कांग्रेस पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं द्वारा निकाला गया। महिला कांग्रेस की रजनी ठाकुर ने कहा कि अंकिता को न्याय दिलाने देहरादून की सड़को पर वहां के प्रत्येक नागरिक सड़को पर उतर आये किन्तु वहां की भाजपा सरकार अब तक दोषी व्यक्ति को बचा रही है। वीरेन्द्र दबे संगठन के महासचिव नितिन मिश्रा ने कहा कि दोषी व्यक्ति पर एफ.आई.आर. करना तो दूर उन्हें आसाम की राज्यपाल बनाकर उपकृत कर दिया गया। कमला निषाद, अनिता सिंह, संध्या नायक, लीला राठौर, गीता लोधी, सविता पटैल, गीता तिवारी, ज्योति ने कहा कि भाजपा महिला सशक्तिकरण बात करता है दूसरी तरफ महिलाओं के उपर हो रहे अत्याचार को न्याय देने से इंकार करती है उस मामले की निष्पक्ष जांच की जाये। इस अवसर पर प्रफुल्ल श्रीवास्तव, बबलू भट्ट, बसंत कुशवाहा, शमीम कुरैशी, मुख्तार जाफरी, गोपाल रैकवार, उबेद गौरी, अजय जाटव, जावेद रोजान, कुददुस चिश्ती, शेरू कछवाहा समेत अनेक कांग्रेसजनों की उपस्थिति रही।

विशाल नगर कन्या भोज का आयोजन

हटा। नगर के पुलिस थाना मंदिर में श्री कौशलेंद्र सरकार समिति द्वारा नवरात्रि की पंचमी तिथि पर दुर्गा प्रतिमा विराजमान की जाती है जिसका विसर्जन शरद पूर्णिमा को किया जाता है जिसके समापन अवसर पर हवन पूजन उपरांत शनिवार को समिति के सदस्यों थाना प्रभारी एवं नगर के समाजसेवियों के सहयोग से पहली बार विशाल नगर कन्या भोज का आयोजन किया गया जिसमें हजारों की तादाद में नगर की कन्याओं ने पहुंचकर भंडारा ग्रहण किया। थाना प्रभारी सुधीर बेगी ने बताया कि नवरात्रि के उपलक्ष्य में विशाल नगर कन्या भोज का आयोजन सभी के सहयोग से किया गया है। कन्याओं के आमंत्रण हेतु नगर के सभी



शासकीय एवं प्राइवेट स्कूलों में पहुंचकर शिक्षकों की सहमति से सभी अध्यनरत छात्राओं को आमंत्रित किया गया था जहां शनिवार को स्कूल के शिक्षकों एवं अभिभावकों समाजसेवियों के सहयोग से पुलिस थाना मंदिर परिसर में यह विशाल कन्या भोज कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम में विधायक उमादेवी खटीक, थाना प्रभारी सुधीर बेगी व उनकी पत्नी श्रीमती सरिता बेगी ने कन्याओं के पैर धोकर पूजन कर भंडारा कराया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से कौशलेंद्र सरकार मंदिर समिति के अध्यक्ष संजय सिंह राजपूत, बबलू राय, देवेंद्र राय, सुनील राय, हरिशंकर साहू के अलावा अन्य समाजसेवियों का सहयोग रहा। पुलिस थाना मंदिर मैं आयोजित किए गए विशाल कन्या भोज की नगर में खूब सराहना की जा रही है।

तेंदूखेड़ा में 35 गर्भवती महिलाओं की हुई जांच

तेंदूखेड़ा। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तेंदूखेड़ा में प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत 24 अक्टूबर को निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित किया गया। इसमें 35 गर्भवती महिलाओं की जांच की गई, जिनमें 25 महिलाएं हाई रिस्क श्रेणी में पाई गईं, जबकि 10 महिलाओं की स्थिति सामान्य रही। खंड चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अशोक बरौनिया के मार्गदर्शन में आयोजित शिविर में हाई रिस्क महिलाओं की जांच डॉ. कुलदीप अजमानी एवं स्टाफ नर्स प्रियंका गायकवाड ने की। महिलाओं की आवश्यक रक्त जांच भी कराई गई तथा उन्हें उपचार और नियमित फॉलोअप की सलाह दी गई। महिला एवं बाल विकास विभाग की आंगनवाड़ी सुपरवाइजर और टीम ने गर्भवती महिलाओं को संतुलित आहार, पौष्टिक अनाज, मौसमी फल, हरी सब्जियां तथा आयरन-कैल्शियम के महत्व की जानकारी दी। शिविर के अंत में सभी महिलाओं को पौष्टिक खिचड़ी वितरित की गई। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार, अभियान का उद्देश्य गर्भवती महिलाओं की नियमित जांच कर हाई रिस्क मामलों की समय पर पहचान और उपचार सुनिश्चित करना है, ताकि मां और शिशु दोनों का स्वास्थ्य सुरक्षित रहे।

बसपा की विधानसभा स्तरीय समीक्षा बैठक सम्पन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिण्डोरिया

स्थानीय बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर वार्ड में बहुजन समाज पार्टी की हटा विधानसभा स्तरीय समीक्षा बैठक लोकसभा प्रभारी भगवती जाटव के मुख्य आतिथ्य एवं जिलाध्यक्ष इंजीनियर गोवर्धन राज के विशिष्ट आतिथ्य मे आयोजित की गई। बैठक की शुरुआत बाबा साहेब एवं मान्यवर कांशीराम जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर की गई। एवं बहुजन समाज में जन्मे सभी महापुरुषों को सभी ने याद किया। बैठक में सभी वक्ताओं ने पार्टी एवं बहुजन समाज के महापुरूषों के विचारों को जन जन तक पहुंचाने पर चर्चा कर पार्टी के विस्तार का संकल्प लिया। जिलाध्यक्ष गोवर्धन राज ने संगठन गठन की पार्टी की प्रक्रिया एवं इसके सशक्तिकरण पर अपनी बात रखते हुये कहा कि



भविष्य में ईमानदार एवं सक्रिय साथियों की तलाश करने की जरूरत। हमे बहुजन समाज को देश मे हुक्मरान बनाना है। अतिथि भगवती जाटव ने कहा कि हम सभी को पार्टी का ऐजेण्डा स्वंय आत्मसात कर बहुजन समाज तक तेजी के साथ जिम्मेदारी लेकर पहुंचाना होगा। हमे अपने दबे कुचले समाज को गलत आर्थिक व्यय करने से रोकना होगा। उन्होंने आगे कहा कि गैर बसपाई दल अपनी आर्थिक स्थिति को सशक्त बनाने चोर दरबाजे से उधोगपतियों एवं शोषणकर्ताओं को राज्य सभा भेजते हैं। बसपा कभी बहुजन हिताय से समझौता नही करती। श्री जाटव ने आगामी 03 नववर्ष 2026 को पथरिया मे होने वाली जिला स्तरीय समीक्षा बैठक में बड़ी संख्या में शामिल होने की उपस्थित सदस्यों से अपील की। बैठक में सभी कार्यकर्ताओं ने सेक्टर एवं पोलिंग मजबूत बनाने के संकल्प के साथ जिम्मेदारी ली।

बैठक में सभी साथियों ने संगठन विस्तार एवं उसे सशक्त बनाने अपने अपने सुझाव रहे। बैठक में आगामी पंचायत एवं नगरीय निकाय चुनावों पर भी चर्चा की गई।बैठक का संचालन राजाराम अहिरवार एवं आभार जीवन लाल ने व्यक्त किया। समीक्षा बैठक में बलराम अहिरवार वि.सभा अध्यक्ष हटा, केएल लारिया वि.सभा प्रभारी हटा, रामरतन बडडे,रामप्रसाद अहिरवार, गफलू अहिरवार, डॉ मदन लाल, भूपेन्द्र बौद्ध, डॉ. हीरा लाल, नरेंद्र माते, संदीप बौद्ध, राजाराम पार्षद, सतीष ठेकेदार, पीएल मासाब, सुजात खान मिथुन अहिरवार सहित पार्टी के विधान सभा के अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

खबर संक्षेप

प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसोसिएशन की मासिक बैठक आज

तेंदूखेड़ा। प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसोसिएशन की मासिक बैठक रविवार, 25 अक्टूबर को दोपहर बाद एसोसिएशन कार्यालय, डॉ. खेर अस्पताल परिसर में आयोजित की जाएगी बैठक में पेंशनर्स से संबंधित विभिन्न विषयों, लंबित मांगों और समस्याओं पर चर्चा की जाएगी तथा संगठन की आगामी गतिविधियों और कार्यक्रमों को लेकर विचार-विमर्श किया जाएगा। एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने सभी सेवानिवृत्त पेंशनर्स से बैठक में समय पर उपस्थित होकर अपने सुझाव एवं समस्याएं रखने का अनुरोध किया है। बैठक में पेंशनर्स के हितों से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा के साथ आवश्यक निर्णय भी लिए जाएंगे।

अमित सुभाष राव जनक का दमोह आगमन आज

दमोह। जिले के समस्त ब्लाक अध्यक्षों मोर्चा संगठनों मंडलम अध्यक्षो कांग्रेस पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं से जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मानक पटेल ने अनुरोध किया है कि दिनांक 25 अक्टूबर 2026 को प्रभारी अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के सचिव अमित सुभाष राव, सह प्रभारी पूर्व मंत्री लखन घनघोरिया एवं जिला कांग्रेस प्रभारी पूर्व मंत्री हर्ष यादव का वोट बचाओ देश बचाओ अभियान के तहत दोपहर 2 बजे दमोह आगमन हो रहा है वह दोपहर 3 बजें जिला कांग्रेस कार्यालय में आयोजित कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करेगे एवं सायं 4:30 बजे पत्रकार वार्ता में वोट बचाओ देश बचाओ को लेकर पत्रकारों से चर्चा करेगे। तत्पश्चात समस्त कांग्रेस जन जबलपुर नाका से होकर अम्बेडकर चौक पर महामहिम राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपेगे।

दमोह-जबलपुर मार्ग पर ओवरस्पीड 6 वाहनों पर कार्रवाई

दमोह। सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम और यातायात नियमों का पालन सुनिश्चित करने के लिए पुलिस अधीक्षक आनंद कलादगि के निर्देशन में यातायात पुलिस ने दमोह-जबलपुर मार्ग पर सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया। यातायात थाना प्रभारी निरीक्षक दलवीर सिंह मार्को एवं रक्षित निरीक्षक आकांक्षा जोशी के नेतृत्व में हुई कार्रवाई के दौरान तेज गति से वाहन चलाते पाए गए छह वाहनों पर मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्रवाई कर कुल 6 हजार रुपये समन शुल्क वसूला गया। वहीं, मालवाहक वाहन में सवारी ढोने और ड्रिंक एंड ड्राइव के एक-एक मामले में वाहन जब्त किए गए। जब्त वाहनों के प्रकरण न्यायालय में निराकरण के लिए प्रस्तुत किए जाएंगे। यातायात पुलिस ने वाहन चालकों से निर्धारित गति सीमा का पालन करने और नशे की हालत में वाहन नहीं चलाने की अपील की है।

ध्वजारोहण के साथ गुरु परंपरा समर्पण समारोह शुरू

विशाल अहिंसा वाहन रैली पहुंची कुण्डलपुर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुण्डलपुर





गुरु परंपरा समर्पण समारोह का शुभारंभ 24 अक्टूबर को दमोह से निकली विशाल अहिंसा वाहन रैली के कुण्डलपुर पहुंचने के साथ हुआ। शरद पूर्णिमा की पूर्व बेला में आयोजित समारोह में दमोह विधायक एवं पूर्व वित्त मंत्री जयंत मलैया ने ध्वजारोहण किया। कार्यक्रम में निर्यापक श्रमण मुनि श्री समता सागर जी महाराज एवं मुनि श्री पवित्रसागर जी महाराज ससंघ का सानिध्य प्राप्त हुआ। दमोह के तहसील ग्राउंड से जयंत मलैया, कुण्डलपुर क्षेत्र कमेटी अध्यक्ष चंद्र कुमार सराफ, महामंत्री आरके जैन, पूर्व अध्यक्ष संतोष सिंघई और जैन पंचायत महामंत्री पदमचंद खली ने हरी झंडी दिखाकर रैली रवाना की। रैली घंटाघर, पुराना थाना और धरमपुरा नाका होते हुए पटेरा पहुंची, जहां स्वल्पाहार के बाद श्रद्धालु कुण्डलपुर रवाना हुए। हटा, पटेरा, बाकल, रैपुरा, हिंडोरिया, बांदकपुर, पथरिया, बनवार, अभाना, बटियागढ़, नोहटा, तेजगढ़, तेंदूखेड़ा, जबेरा और कुम्हारी सहित विभिन्न क्षेत्रों से श्रद्धालु रैली में शामिल हुए। कुण्डलपुर पहुंचने पर आयोजन समिति ने गाजे-बाजे के साथ स्वागत किया। पूज्य बड़े बाबा के चरणों में श्रद्धालुओं ने आरती, भक्ति नृत्य और संगीत के साथ पूजा-अर्चना की। प्रातः भक्तामर महामंडल विधान, अभिषेक, शांतिधारा, पूजन और मुनिसंघ की आहारचर्या संपन्न हुई। इसके बाद वात्सल्य भोज आयोजित किया गया। दोपहर में मंगलाचरण, दीप प्रज्वलन, चित्र अनावरण और आचार्य श्री की पूजन के साथ धर्मसभा हुई।

युवाओं की ऊर्जा को धर्म और समाज सेवा में लगाएं

मुनि श्री समता सागर जी महाराज ने कहा कि युवाओं में जोश और ऊर्जा होती है, जबकि बुजुर्गों के पास अनुभव और विवेक होता है। दोनों पीढ़ियां मिलकर कार्य करें तो समाज को लाभ मिलता है और धर्म का जयघोष होता है। उन्होंने धर्मध्वजा को धार्मिक सम्मान और समर्पण का प्रतीक बताते हुए युवाओं से धर्म, सदाचार और समाज सेवा में अपनी ऊर्जा लगाने का आह्वान किया। आयोजन में दमोह के विभिन्न जिनालयों, जैन मिलन, गौशाला परिवार, औषधालय कमेटी और जैन पंचायत से जुड़े लोगों ने भागीदारी की। युवा टीम ने रैली में योगदान दिया।

शाम को भक्तामर दीप महाअर्चना और बड़े बाबा की संगीतमय महाआरती हुई। 25 अक्टूबर को हथकरघा, शांतिधारा और दयोदय प्रकल्प से जुड़े प्रतिनिधियों के साथ प्रतिभास्थली, पूर्णायु, भाग्योदय तथा कुण्डलपुर, नेमावर, चंद्रगिरी, रामटेक और अमरकंटक सहित विभिन्न परियोजनाओं के प्रतिनिधि अपने उद्देश्यों एवं भावी योजनाओं की जानकारी देंगे।

श्रावक श्रेष्ठियों, दानवीरों और विशिष्ट अतिथियों का सम्मान होगा। निबंध एवं झांकी प्रतियोगिताओं के परिणाम घोषित कर पुरस्कार वितरित किए जाएंगे।

जिले में देशी कैल्शियम कार्बाइड गन पर प्रतिबंध, पटाखों की भी होगी जांच

कलेक्टर ने धारा 163 के तहत जारी किया आदेश, दो दिन में निरीक्षण कर सौंपनी होगी रिपोर्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ दमोह

जिले में जनसुरक्षा और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट प्रताप नारायण यादव ने अवैध कैल्शियम कार्बाइड गन (देशी गन) के निर्माण, उपयोग, भंडारण और विक्रय पर पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया है। भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के तहत जारी आदेश तत्काल प्रभाव से लागू हो गया है। आदेश के अनुसार, लोहा, स्टील या पीवीसी पाइप तथा गैस लाइटर का उपयोग कर बनाई जाने वाली देशी गन से गंभीर चोट और जनहानि का खतरा रहता है। इसके फटने से आंखों, चेहरे, त्वचा, कान और तंत्रिका तंत्र को नुकसान पहुंच सकता है। आगामी त्योहारों, विवाह समारोहों और अन्य आयोजनों को देखते हुए प्रशासन ने यह कदम उठाया है।

इन पटाखों पर भी प्रतिबंध

जिला प्रशासन ने बेरियम साल्ट वाले पटाखों, चार मीटर की दूरी पर 125 डेसीबल से अधिक ध्वनि उत्पन्न करने वाले पटाखों तथा एंटीमनी, लिथियम, मर्करी, आर्सेनिक, लेड, स्ट्रोंटियम और क्रोमेट जैसे प्रतिबंधित तत्वों से निर्मित पटाखों पर रोक लगाई है। ऑनलाइन और गैर-लाइसेंसी विक्रेताओं द्वारा पटाखों की बिक्री भी प्रतिबंधित रहेगी। रात 10 बजे से सुबह 7 बजे तक आतिशबाजी नहीं की जा सकेगी। अस्पतालों, शिक्षण संस्थानों, न्यायालयों और धार्मिक स्थलों जैसे शांत क्षेत्रों के 100 मीटर के दायरे में पटाखे जलाने पर भी प्रतिबंध रहेगा। पेट्रोल पंप, गैस गोदाम और अन्य ज्वलनशील स्थानों पर आतिशबाजी प्रतिबंधित रहेगी।

दो दिन में जांच कर सौंपनी होगी रिपोर्ट

आदेश के पालन के लिए अपर कलेक्टर को जिला नोडल अधिकारी तथा सभी एसडीएम को सहायक नोडल अधिकारी बनाया गया है। एसडीएम अपने क्षेत्र में मुख्य नगरपालिका अधिकारी, जनपद पंचायत सीईओ और थाना प्रभारी को शामिल कर निरीक्षण दल गठित करेंगे। दल दो दिन के भीतर अवैध गन और पटाखों के निर्माण, भंडारण व बिक्री की जांच कर रिपोर्ट सौंपेगा। आदेश जारी होने की तारीख से दो माह तक प्रभावी रहेगा, जब तक इसे पहले निरस्त नहीं किया जाता। उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 223 सहित अन्य संबंधित कानूनों के तहत कार्रवाई की जाएगी।

बांदकपुर क्षेत्र में तीन दुकानों पर मिलेगा पेट्रोल-डीजल

दमोह, 24 अक्टूबर। बांदकपुर और आसपास के गांवों में किसानों एवं आमजन की सुविधा के लिए कलेक्टर प्रताप नारायण यादव ने तीन दुकानों पर पेट्रोल-डीजल की आपूर्ति सुनिश्चित करने के आदेश जारी किए हैं। आदेश तत्काल प्रभाव से लागू होगा। इसके तहत प्रभु ऑटोमोबाइल नरसिंहगढ़ द्वारा टिकरी बुजुर्ग, विद्यासागर ऑटोमोबाइल पटेरा द्वारा बांदकपुर तथा चौधरी एचएस ट्रेडर्स पथरिया द्वारा केवलारी में ईंधन उपलब्ध कराया जाएगा। इस व्यवस्था से क्षेत्र के किसानों और आमजन को राहत मिलने की उम्मीद है।

कलेक्ट्रेट के सामने धरना देंगे पेंशनर्स

दमोह। प्रमुख पेंशनर एसोसिएशन जिला दमोह की बैठक उप प्रांताध्यक्ष के.एल. बैरागी की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में प्रांतीय निर्देशानुसार 28 अक्टूबर को कलेक्ट्रेट के सामने दो घंटे का धरना देने और आगामी अधिवेशन की रूपरेखा पर चर्चा की गई। के.एल. बैरागी ने उच्च न्यायालय के निर्णयों के बावजूद पेंशनरों के हितों से जुड़े मामलों में राज्य सरकार द्वारा बार-बार सुप्रीम कोर्ट जाने की प्रवृत्ति की निंदा की। उन्होंने छत्तीसगढ़ से राहत राशि की स्वीकृति की अनिवार्यता समाप्त होने के बावजूद पेंशनरों को लाभ नहीं मिलने पर भी नाराजगी जताई। उन्होंने धरने में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील की। प्रमुख पेंशनर एसोसिएशन के अध्यक्ष एवं संयुक्त पेंशनर मोर्चा जिला दमोह के स्वामी अशोक तिवारी ने 12 सूत्रीय मांगों को लेकर धरना कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की। उन्होंने वित्त विभाग के निर्देशों के बावजूद जिला प्रशासन द्वारा पेंशनरों की त्रैमासिक बैठक नहीं बुलाने और आयोजित बैठकों का कार्यवाही विवरण जारी नहीं करने पर नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि पेंशनरों की समस्याओं की अनदेखी के चलते व्यापक आंदोलन करने की स्थिति बन रही है। बैठक में कमल सिंघई, संरक्षक पेंशनर समाज, सुंदर लाल राठौर, जिला अध्यक्ष प्रमुख पेंशनर एसोसिएशन सीहोर, के.सी. जैन, जी.पी. प्यासी, गणेश दुबे, रमाकांत पाठक, महामंत्री प्रमुख पेंशनर एसोसिएशन, आर.आर. प्यासी, आर.के. मिश्रा, अध्यक्ष पेंशनर समाज, एम.एल. सरैया, कार्यवाहक अध्यक्ष पेंशनर समाज, आर.एम. गोस्वामी, रोहिणी गौतम सहित अनेक पेंशनर उपस्थित रहे। अंत में रमाकांत पाठक ने आभार व्यक्त किया।

जिला स्तरीय युवा उत्सव संपन्न, 256 प्रतिभागियों ने दिखाई प्रतिभा

दमोह। युवा उत्सव 2026-27 के तहत आयोजित जिला स्तरीय युवा उत्सव का समापन हुआ। 'नशा मुक्त युवा फॉर विकसित भारत' थीम पर आयोजित प्रतियोगिताओं में 15 से 29 वर्ष आयु वर्ग के 256 प्रतिभागियों ने सामूहिक लोकनृत्य, लोकगायन, नुक्कड़ नाटक, चित्रकला और कविता लेखन में भाग लिया। मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक आनंद कलदगी और माय भारत के जिला युवा अधिकारी अनुज प्रताप तोमर ने विजेताओं को शील्ड व प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया। सामूहिक लोकनृत्य में सांदीपनि विद्यालय दमोह प्रथम, एकलव्य विश्वविद्यालय द्वितीय और सरस्वती शिशु मंदिर पथरिया तृतीय रहा। लोकगायन में पीएम श्री शासकीय कन्या उमावि हटा प्रथम, मॉडल स्कूल पटेरा द्वितीय और सांदीपनि विद्यालय दमोह तृतीय रहा। नुक्कड़ नाटक में एकलव्य विश्वविद्यालय दमोह प्रथम, शासकीय पॉलीटेक्निक कॉलेज दमोह द्वितीय और एमएलबी स्कूल दमोह तृतीय स्थान पर रहा। कविता लेखन में मॉडल स्कूल पटेरा के हिमांशु चढ़ार प्रथम, रितुराज पटैल द्वितीय और पॉलीटेक्निक कॉलेज के सचिन मिश्रा तृतीय रहे। चित्रकला में टाइम्स कॉलेज के अभिषेक मुड़ा प्रथम, केशवराम पांडे स्कूल की अंकिता रैकवार द्वितीय और शासकीय उमावि मारूताल की निशा पटेल तृतीय रहीं। समूह विधाओं के प्रथम स्थान प्राप्त दल तथा चित्रकला और कविता लेखन के प्रथम-द्वितीय स्थान प्राप्त विजेता 4 नवंबर को सागर में होने वाले संभाग स्तरीय युवा उत्सव में जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे। एसपी आनंद कलदगी ने युवाओं को नशामुक्त समाज के निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का संदेश दिया। जिला खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी सैफुल्ला खान ने आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन नंदराम तिवारी ने किया। इस अवसर पर मुकेश खरे, अतुल श्रीवास्तव, शैलेंद्र चौधरी, हरिराम, संतोषी, नीलम, लक्ष्मी, कविता, रियाजुद्दीन, धीरेंद्र, बलराम, अनिल और सूरत सिंह सहित शिक्षक, प्रतिभागी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।



टाईम्स पब्लिक स्कूल में बिहेवियर एक्टिविटी, बच्चों ने सीखे अच्छे संस्कार



दमोह। टाईम्स पब्लिक स्कूल में प्री-प्राइमरी कक्षाओं के विद्यार्थियों के लिए बिहेवियर एक्टिविटी आयोजित की गई। इसका उद्देश्य बच्चों में अच्छे व्यवहार, शिष्टाचार, अनुशासन और नैतिक मूल्यों का विकास करना था। गतिविधि के दौरान शिक्षकों ने बच्चों को बड़ों का सम्मान करने, सहपाठियों के साथ प्रेमपूर्वक व्यवहार करने, अपनी वस्तुएं साझा करने तथा विनम्रता से बात करने की सीख दी। साथ ही दैनिक जीवन में 'सॉरी', 'थैंक्यू' और 'प्लीज' जैसे विनम्र शब्दों के उपयोग के लिए प्रेरित किया। रोचक उदाहरणों और संवाद के माध्यम से बच्चों को अच्छे-बुरे व्यवहार का अंतर समझाया गया। विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अच्छे संस्कार अपनाने की सीख प्राप्त की। इस गतिविधि का उद्देश्य किताबी ज्ञान के साथ बच्चों के व्यक्तित्व का सर्वांगीण विकास कर उनमें आत्मविश्वास, सहयोग, विनम्रता और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना विकसित करना था।

स्कूली बच्चों से भरे ऑटो की पिकअप से भिड़ंत, मची चीख-पुकार



बनवार/दमोह। दमोह जिले के नोहटा थाना क्षेत्र की बनवार पुलिस चौकी अंतर्गत बनवार मार्ग पर पटना मानगढ़ की पुलिया के पास स्कूली छात्र-छात्राओं से भरे ऑटो और पिकअप की आमने-सामने जोरदार भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि ऑटो बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया, जबकि पिकअप का मजबूत जंपर भी टूटकर क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे के बाद घटनास्थल पर चीख-पुकार मच गई। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, करीब एक दर्जन छात्र-छात्राओं के घायल होने की सूचना है। आमने-सामने टकराए ऑटो और पिकअप

प्राप्त जानकारी के अनुसार, ऑटो क्रमांक MP-34 ZH-3916 बनवार की ओर से स्कूली छात्र-छात्राओं को लेकर जा रहा था। इसी दौरान पटना मानगढ़ की तरफ से आ रहे पिकअप वाहन क्रमांक MP-GA-7947 से उसकी जोरदार भिड़ंत हो गई। हादसे के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई और घायलों को अस्पताल पहुंचाने के प्रयास शुरू किए गए।

ओवरलोडिंग और तेज रफ्तार पर उठे सवाल

बताया जा रहा है कि ऑटो में क्षमता से अधिक छात्र-छात्राएं सवार थे। तेज रफ्तार के चलते चालक के वाहन पर नियंत्रण खोने की आशंका भी जताई जा रही है। हालांकि, दुर्घटना के वास्तविक कारणों की पुष्टि पुलिस जांच के बाद ही हो सकेगी। इस हादसे ने स्कूली बच्चों की सुरक्षित आवाजाही और यातायात नियमों के पालन पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

समय पर एंबुलेंस नहीं मिलने से बढ़ी परेशानी

हादसे की सूचना मिलते ही बनवार पुलिस चौकी से प्रधान आरक्षक मुकेश शर्मा पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। स्थानीय जानकारी के अनुसार, समय पर एंबुलेंस उपलब्ध नहीं होने के कारण परिजन और ग्रामीण घायलों को निजी वाहनों से रोड अस्पताल लेकर पहुंचे।जहाँ से घायलों को प्राथमिक उपचार के वाद दो एंबुलेंस के से जिला चिकित्सालय दमोह रेफर किए जाने की जानकारी सामने आई है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, घायल छात्र-छात्राएं पिपरिया नवल, पटना मानगढ़, छपरवाहा रोड सहित आसपास के गांवों के निवासी हैं। घायलों में दुर्गा लोधी, रचना लोधी, कपिल लोधी, आकांक्षा लोधी, कल्पना लोधी, रुचि लोधी, रामकेत लोधी, काजल चक्रवर्ती, नीतू राय, नैंसी राय, सागर आदिवासी, रत्नेश, अंश राय और आरती लोधी सहित अन्य छात्र-छात्राओं के नाम सामने आए हैं। घायलों की अंतिम संख्या और उनकी स्वास्थ्य स्थिति की आधिकारिक पुष्टि होना बाकी है।

दोनों वाहन जब्त

दुर्घटना के बाद पुलिस ने दोनों वाहनों को घटनास्थल से हटवाकर बनवार पुलिस चौकी में जब्त कर लिया है। पुलिस हादसे के कारणों की जांच कर रही है। स्कूली बच्चों को ले जाने वाले ऑटो में यदि क्षमता से अधिक सवारियां थीं, तो इसकी जिम्मेदारी किसकी है? दुर्घटना के बाद समय पर एंबुलेंस उपलब्ध क्यों नहीं हो सकी? क्या स्कूली बच्चों को ले जाने वाले वाहनों की नियमित जांच की जा रही है? इन सवालों के जवाब जरूरी हैं, ताकि भविष्य में ऐसे हादसों को रोका जा सके और बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके।

झापन पुल अविलंब दुरूस्त किया जाये

दमोह। जनपद सदस्य प्रतिनिधि वीर सिंह के नेतृत्व में सैंकड़ो किसानों ग्रामीणजनों ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर झापन पुल के अविलंव निर्माण को लेकर जिला कलेक्टर महोदय को ज्ञापन सौंपा। ग्रामीण जनों ने कहा कि झापन पुल एक दो वर्षो से बुरी तरह झतिग्रस्त है इसके निर्माण को लेकर अब तक कोई ठोस कार्यवाही नहीं हुई। पुल का एक बार टेंडर भी जारी हुआ था। जिसे बाद में निरस्त कर दिया गया। जिसका सबसे ज्यादा खामियाजा क्षेत्र के किसान भाईयो को भुगतना पड़.रहा है। आवागमन में परेशानी के साथ साथ डीजल एवं कृषि संबंधी आवश्यकताओं लाने ले जाने में दिक्कतो का सामना करना पड़ रहा है। जिला प्रशासन से समस्त किसानो ने अनुरोध किया है कि यह कार्य प्राथमिकता से किया जाये। अन्यथा हम सब वही धरना को बाध्य होगे। इस अवसर पर करन सिंह, साहिब सिंह, नरेश सिंह, वीरेन्द्र सिंह, तिलक सिंह, रूपेश सिंह, शिवम सिंह, बन्टू सिंह, रत्नेश सिंह सहित अनेको ग्रामीण जनों की उपस्थिति रही।

दीपावली पर पटाखा दुकानों का आवंटन लॉटरी से होगा

29 अक्टूबर तक ऑनलाइन आवेदन, दुकानों के बीच 3 मीटर और संरक्षित स्थलों से 50 मीटर की दूरी अनिवार्य

दमोह, 24 अक्टूबर। दीपावली पर पटाखों की बिक्री और सुरक्षा व्यवस्था को लेकर कलेक्टर प्रताप नारायण यादव की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में बैठक आयोजित की गई। कलेक्टर ने स्पष्ट किया कि पटाखों के निर्माण, विक्रय और उपयोग में निर्धारित नियमों का कड़ाई से पालन करना होगा। कैल्शियम कार्बाइड के उपयोग पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। बैठक में पुलिस अधीक्षक आनंद कलादगि और अपर कलेक्टर राकेश मोहन त्रिपाठी मौजूद रहे।

कलेक्टर ने बताया कि अस्थाई पटाखा दुकान लगाने के इच्छुक विक्रेता 29 अक्टूबर 2026 तक ऑनलाइन पोर्टल पर आवेदन कर सकते हैं। जिले में अब तक 249 आवेदन प्राप्त हुए हैं। पुलिस सत्यापन के बाद संबंधित एसडीएम लाइसेंस जारी करेंगे और दुकानों का आवंटन लॉटरी के माध्यम से किया जाएगा, जिससे सभी आवेदकों को समान अवसर मिल सके।

सुरक्षा मानकों का पालन जरूरी

अस्थाई पटाखा दुकानों के बीच कम से कम 3 मीटर तथा संरक्षित स्थलों से 50 मीटर की दूरी रखना अनिवार्य होगा। दुकानें आमने-सामने नहीं लगाई जाएंगी और उनके निर्माण में अज्वलनशील सामग्री का उपयोग करना होगा। सीएमओ को निर्धारित मानकों के अनुसार दुकानों का एकरूप लेआउट तैयार करने के निर्देश दिए गए हैं।

संयुक्त दल करेगा स्थलों का चयन

एसडीएम, एसडीओपी, थाना प्रभारी और संबंधित सीएमओ संयुक्त रूप से सुरक्षित स्थलों का चयन करेंगे। निर्धारित स्थानों पर ही दुकानें लगाने की अनुमति मिलेगी। कलेक्टर ने विक्रेताओं को लाइसेंस दुकान पर प्रदर्शित करने और उसकी सभी शर्तों का पालन करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि दीपावली पर जनसुरक्षा, पर्यावरण संरक्षण और कानून-व्यवस्था बनाए रखना सभी की जिम्मेदारी है। नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

चोपरा बड़खेरा गांव में चार पेटी अवैध शराब जब्त



बटियागढ़। थाना क्षेत्र के ग्राम चोपरा बड़खेरा में पुलिस ने भगवती मानव कल्याण संगठन के सदस्यों की सूचना पर कार्रवाई करते हुए 4 पेटी अवैध शराब जब्त की है। जब्त शराब में लाल मसाला के 200 पाव शामिल हैं। पुलिस के अनुसार, शराब के संबंध में आरोपी के पास कोई वैध दस्तावेज नहीं मिले। इसके बाद पुलिस ने आरोपी नीरज लोधी (23) के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जांच में लिया है। संगठन सदस्य रघुवीर सिंह लोधी ने कहा कि क्षेत्र में अवैध शराब के कारण लगातार मौतें हो रही हैं, इसके बावजूद आबकारी विभाग के अधिकारी इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं। उन्होंने अवैध शराब की बिक्री पर प्रभावी रोक लगाने की जरूरत बताई। थाना प्रभारी रजनी शुक्ला ने बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस बल मौके पर पहुंचा और कार्रवाई के दौरान 4 पेटी शराब जब्त की गई। आरोपी के विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने कहा कि पुलिस द्वारा अवैध शराब के ठिकानों पर लगातार कार्रवाई की जाती है।

बांदकपुर में पेट्रोल पंप बंद, 25 से 30 गांवों के किसानों पर संकट

कलेक्ट्रेट पहुंचकर सौंपा ज्ञापन, डीजल-पेट्रोल की आपूर्ति बहाल करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ दमोह



खेती-किसानी के व्यस्त सीजन में बांदकपुर का एकमात्र पेट्रोल पंप बंद होने से आसपास के 25 से 30 गांवों के किसानों की मुश्किलें बढ़ गई हैं। शुक्रवार को किसानों ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर प्रदर्शन किया और कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपकर ईंधन की आपूर्ति बहाल करने की मांग की।किसान हाकम सिंह लोधी ने बताया कि पेट्रोल पंप की लीज 30 सितंबर को समाप्त हो गई थी। मंदिर ट्रस्ट कमेटी द्वारा लीज अवधि नहीं बढ़ाए जाने के बाद पंप बंद हो गया। इससे बांदकपुर, रियाना, मुंडारी, जुझार, हलगज, टिकरी पिपरिया, साहनी पिपरिया, बलायपुर, सलैया, बम्हौरी और हिनौता सहित आसपास के गांवों के किसानों को ईंधन के लिए 4 से 5 किलोमीटर दूर जाना पड़ रहा है।किसानों के अनुसार, रास्ते में रेलवे फाटक होने और तीसरी रेल लाइन के कारण अक्सर लंबा इंतजार करना पड़ता है। इससे समय और धन की बर्बादी के साथ बुवाई व अन्य कृषि कार्य भी प्रभावित हो रहे हैं।किसानों ने बंद पेट्रोल पंप को दोबारा चालू कराने, क्षेत्र में नए पंप की अनुमति देने और वैकल्पिक व्यवस्था के रूप में मोबाइल टैंकर से डीजल-पेट्रोल उपलब्ध कराने की मांग की। उन्होंने चेतावनी दी कि जल्द समाधान नहीं होने पर आंदोलन किया जाएगा।